Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -08,मंगलवार,08 नवम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

तुम्हें क्या चाहिए,जो चाहिए उसे मुस्कुराहट के बल पर प्राप्त करो न कि तलवार के बल पर।
- शेक्सपियर-

»जेल में है जान का खतरा


# धमकी दे रहे पूर्व डीजी और जैन

## सुकेश चंद्रशेखर ने फोड़ा तीसरा 'लेटर बम'

**नई दिल्ली ,07 नवंबर 2022।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर पचास करोड़ रुपये लेने का आरोप लगाने वाले महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने उपराज्यपाल विनय सक्सेना को एक और चिट्ठी लिखी है। पहले दो लेटर में केजरीवाल सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन और जेल डीजी संदीप गोयल पर गंभीर आरोप लगाए थे। वहीं इस बार भी दिल्ली के उप राज्यपाल विनय सक्सेना को लिखे पत्र में सुकेश चंद्रशेखर ने दावा किया है कि पत्र लिखने के बाद सत्येंद्र जैन और संदीप गोयल की तरफ से उसे लगातार धमकी मिल रही है। उसने कहा कि जेल में उसकी जान को खतरा है।

बता दें कि सुकेश चंद्रशेखर ने एलजी विनय कुमार को तीसरी बार लेटर लिखा है। उसने पत्र में पैसे के लेन देन को लेकर आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाए थे। इन लेटरों में उसने सत्येंद्र जैन और संदीप गोयल पर भी प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप लगाया है। सुकेश ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।

दरअसल इससे पहले ठगी और हेरफेरी के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने शुक्रवार को एक लेटर अपने वकील के नाम लिखा था। इसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री सतेंद्र जैन नाम लेकर उसने काफी कुछ लिखा है। इसमें खासतौर पर 2017 में हुई डिनर पार्टी का जिक्र किया गया है।





इस लेटर में ज्यादातर सवाल सीधा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूछे गए हैं। उसने केजरीवाल से पूछा कि अगर वह देश का सबसे बड़ा ठग है तो उसे राज्यसभा सीट का ऑफर क्यों दिया गया था। उसने यह भी आरोप लगाया था कि इसके उससे 50 करोड़ रुपए लिए गए थे। उसने आरोप लगाया कि जेल में उसे धमकाया जा रहा है। लेकिन वह किसी से डरने वाला नहीं है।

सुकेश ने लेटर में इस बात का जिक्र किया था कि अरविंद केजरीवाल ने उसे कारोबारियों को पार्टी में जोड़ने और उनसे 500 करोड़ रुपये इकट्ठा करने का लक्ष्य दिया था। साथ ही इतना कर लेने पर उसे कर्नाटक में पार्टी का बड़ा पद भी देने का झांसा दिया गया।

सुकेश ने लेटर में बताया है कि साल 2016 में उसने हैदराबाद के होटल हयात में डिनर पार्टी आयोजित किया था। इस पार्टी में अरविंद केजरीवाल शामिल हुए थे। इसी समय उसने केजरीवाल को 50 करोड़ रुपये दिए थे। इस पार्टी में केजरीवाल के साथ सत्येंद्र जैन भी शामिल हुए थे। इस पैसे का लेनदेन कैलाश गहलोत के असोला फार्म पर किया गया था।

सुकेश ने पहले लेटर में दावा किया था कि उसने आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन को 10 करोड़ रुपए प्रोटेक्शन मनी के तौर पर दिए थे। उस दौरान सत्येंद्र जेल मंत्री थे। सुकेश ने अपने पत्र में लिखा था कि सत्येंद्र जैन ने मुझे लगातार पैसे देने के लिए मजबूर किया। साथ ही उसने पूर्व डीजी संदीप गोयल पर भी पैसे लेने का आरोप लगाया।

## नेशनल हेराल्ड मामले में फिर तलब होंगे सोनिया और राहुल गांधी

**नई दिल्ली,07 नवम्बर 2022।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। खबर है कि प्रवर्तन निदेशालय को जांच के दौरान यंग इंडियन में संदिग्ध लेनदेन की जानकारी मिली है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि कंपनी से जुड़े कांग्रेस नेताओं को पूछताछ के लिए फिर से तलब किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय एजेंसी के सूत्रों ने कहा कि यंग इंडियन में 'संदिग्ध लेनदेन' की बात पता लगी है। उन्होंने कहा कि शेल कंपनियों के जरिए 4-5 करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया है।



## सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन को दी बड़ी राहत

### अवैध खनन मामले में खारिज की याचिका

**रांची ,07 नवम्बर 2022।** भारत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस यूयू ललित मंगलवार यानी आठ नवंबर को रिटायर हो रहे हैं , आखिरी कार्यदिवस के दिन जस्टिस यूयू ललित लगातार बड़े फैसले ले रहे है। माइनिंग लीज मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने शेल कंपनियों में निवेश और खनन पट्टे में अनियमितता को लेकर सोरेन के खिलाफ दाखिल की गईं जनहित याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने झारखंड उच्च न्यायालय के उस आदेश को भी रद्द कर दिया है, जिसमें उसने इन याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना था। सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ गलत तरीके से खनन लीज पट्टा आवंटन करने और उनके करीबियों द्वारा शेल कंपनियों में निवेश का आरोप लगाते हुए जनहित याचिका दायर की गई थी। इस याचिका की वैधता को झारखंड सरकार ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि, झारखंड उच्च न्यायालय ने इस याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना था। इसके बाद सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। 17 अगस्त को इस मामले में शीर्ष अदालत ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था।



## नोटबंदी सत्तारूढ सरकार की सबसे बड़ी विफलता' :खड़गे

**नई दिल्ली,07 नवम्बर 2022।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को 2016 की नोटबंदी को लेकर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर फिर से हमला किया और इसे सत्तारूढ़ सरकार की सबसे बड़ी विफलता करार दिया। श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने अभी तक इस बड़ी विफलता को स्वीकार नहीं किया है जिसके कारण अर्थव्यवस्था चरमरा गयी थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने ट्वीट कर कहा, देश को काले धन से मुक्त कराने के लिए नोटबंदी का वादा किया गया था, लेकिन इससे कई व्यवसाय खत्म हो गए और लोगों को नौकरियों के लाले पड़ गए। उन्होंने यह भी दावा किया कि मास्टरस्ट्रोक के छह साल बाद भी 2016 की तुलना में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नकदी 72 प्रतिशत अधिक है।



# सवर्णों को मिलने वाले EWS आरक्षण पर सुप्रीमकोर्ट का फैसला

## »जारी रहेगा EWS कोटा, 4-1 से सुनाया फैसला

**नई दिल्ली,07 नवम्बर 2022।** सुप्रीम कोर्ट सरकारी नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को दिए गए आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर लग गई है। चीफ जस्टिस यूयू ललित की 5 सदस्यीय बेंच में से तीन जजों ने 4-1 से आरक्षण के पक्ष में फैसला सुनाया।

जस्टिस रवींद्र भट्ट ने कोटा के खिलाफ अपनी राय रखी। बाकी चार जजों ने संविधान के 103वें संशोधन को सही ठहराया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह संशोधन संविधान के मूल भावना के खिलाफ नहीं है। EWS कोटे में सामान्य वर्ग को 10 फीसदी आर्थिक आधार पर मिला हुआ है आरक्षण। इस फैसले को दी गयी थी चुनौती। शीर्ष अदालत ने आरक्षण पर रोक लगाने से किया था इनकार। चीफ जस्टिस का आज आखिरी वर्किंग डे भी है।

स्टिस रवींद्र भट्ट ने EWS कोटे पर अलग रुख अपनाया है। जस्टिस भट्ट ने कहा कि संविधान सामाजिक न्याय के साथ छेड़छाड़ की अनुमति नहीं देता है। EWS कोटा संविधान के आधारभूत ढांचा के तहत ठीक नहीं है। जस्टिस भट्ट ने कहा ये आरक्षण का लिमिट पार करना बेसिक स्ट्रक्चर के खिलाफ है।

जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा कि EWS कोटा सही है। इसके साथ ही EWS कोटा को सुप्रीम कोर्ट की लगी मुहर। मैं जस्टिस माहेश्वरी और जस्टिस त्रिवेदी के फैसले के साथ हूं। उन्होंने अपने फैसले में कहाकि मैं EWS संशोधन का सही ठहराता हूं। जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि हालांकि EWS कोटा को अनिश्चितकाल के लिए नहीं बढ़ाना चाहिए।

जस्टिस बेला त्रिवेदी ने अपने फैसले में कहा कि संविधान का 103वां संशोधन सही है। एससी, एसटी और ओबीसी को तो पहले से ही आरक्षण मिला हुआ है। इसलिए EWS आरक्षण को इसमें शामिल नहीं किया जा सकता है। इसलिए सरकार ने 10 फीसदी अलग से आरक्षण दिया। EWS कोटा के खिलाफ जो याचिकाएं थी, वो विफल रहीं।

जस्टिस माहेश्वरी की फैसला- हमने समानता का ख्याल रखा है। क्या आर्थिक कोटा आर्थिक आरक्षण देने का एकमात्र आधार हो सकता है। आर्थिक आधार पर कोटा संविधान की मूल भावना के खिलाफ नहीं है।




### 5 जजों की बेंच ने सुनाया फैसला

चीफ जस्टिस ललित, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, जस्टिस रवींद्र भट्ट, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने यह फैसला सुनाया। चार जजों ने अलग-अलग फैसला पढ़ा। चीफ जस्टिस ललित ने कहा कि चार फैसले पढ़ने जा रहे हैं।

### क्या है पूरा मामला

सुप्रीम कोर्ट आज 103वें संविधान संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाएगा। इसमें प्रवेश और सरकारी नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को 10 फीसदी आरक्षण प्रदान किया गया है। पीठ ने 27 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। पांच सदस्यीय संविधान पीठ में मुख्य न्यायाधीश यू.यू. ललित, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, एस रवींद्र भट, बेला एम त्रिवेदी और जेबी पारदीवाला हैं। मामले में मैराथन सुनवाई लगभग सात दिनों तक चली। इसमें याचिकाकर्ताओं और (तत्कालीन) अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ईडब्ल्यूएस कोटे का बचाव किया।

### याचिका में क्या दिए गए हैं तर्क?

इससे पहले गोपाल ने तर्क दिया था कि 103वां संविधान संशोधन के साथ धोखा है। जमीनी हकीकत यह है कि यह देश को जाति के आधार पर बांट रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संशोधन सामाजिक न्याय की संवैधानिक दृष्टि पर हमला है। उनके राज्य में, जो केरल है, उन्हें यह कहते हुए खुशी नहीं है कि सरकार ने ईडब्ल्यूएस के लिए एक आदेश जारी किया और शीर्षक जाति था और वह सभी देश की सबसे विशेषाधिकार प्राप्त जातियां थी।

## आरक्षण की हदबंदी का अब क्या होगा?

डॉ.राजकुमार मिश्र-

**नई दिल्ली,07 नवम्बर 2022।** सुप्रीमकोर्ट के चीफ जस्टिस यू यू ललित तथा रविंद्र भट्ट की असहमति के बावजूद संविधान पीठ के पांच में से तीन जजों का समर्थन मिल जाने के बाद आज संविधान के 103 वे संसोधन का रास्ता साफ हो गया। जजों के 3--2 के बहुमत से आये आज के फैसले से आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग को भी दस प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता रहेगा।अब आरक्षित और अनारक्षित वर्गों के बीच हैसियत का फर्क इस फैसले के कारण दूर हो सकेगा।




त्वरित टिप्पणी

बेशक यह स्वागतेय निर्णय है।सामान्य जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर आवेदकों को शिक्षा और रोजगार के लिए उपलब्ध अवसरों के लिए एस सी एस टी और ओबीसी वर्गों की तरह कोई आरक्षण नही मिलता था जबकि उक्त वर्गों के लिए कुल मिलाकर करीब 47 प्रतिशत तक आरक्षण मिल रहा है।ऐसे में आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग को भी शिक्षा और रोजगार जैसे जरूरी क्षेत्रो में दस फीसदी आरक्षण की राह खुल जाने से मिश्रित प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कतिपय नेता पूछ रहे हैं कि पिछले करीब तीन दशकों में आर्थिक आधार पर आरक्षण दिए जाने की मांग को कई बार खारिज कर चुके सुप्रीम कोर्ट ने अब अचानक अपनी राय क्यों बदल दी और बार बार घोषित की गई पचास प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण नहीं देने की व्यवस्था क्या इसतरह से अर्थहीन नहीं हो जाएगी!

## नहीं बचेंगे मोरबी हादसे के सफेदपोश अपराधी

### हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

**गांधीनगर, ,07 नवम्बर 2022।** मोरबी के झूलते पुल के टूट जाने से उसपर मौजूद करीब तीन सौ से ज्यादा लोग हताहत हो गए थे मगर शीघ्र होने जारहे विधान सभा चुनाव को देखते हुए इस गम्भीर हादसे पर पुलिस और मोरबी जिला प्रशासन ने हर मुमकिन लीपापोती करने में कोई कसर नही छोड़ी।यहां तक हिमाकत की गई कि हादसे के मुख्य आरोपी का नाम और वल्दियत तक एफआईआर में स्पष्ट रूप से दर्ज तक नही की गई। लोगों का यह आरोप कलेक्टर एसपी और मोरबी नगरपालिका ने अनसुना कर दिया कि कथित मुख्य आरोपी भाजपा को मोटा चंदा दिया करता है जिसके कारण उसे बचाने की कोशिश की गई और मामूली हैसियत वाले 9 लोगो को सींखचों के पीछे डाल दिया गया।



लेकिन इतने हौलनाक हादसे का सिर्फ चुनावी कारणों से हर स्तर पर इतने दिनों तक जारी दुर्लक्ष्य पर गुजरात का हाई कोर्ट चुप नही रह सका।हाई कोर्ट ने आज खुद संज्ञान लिया और राज्य सरकार नगरपालिका और जिलाप्रशासन को नोटिस जारी करके अगली सुनवाई 14 नवम्बर निर्धारित की है।तबतक सभी पक्षों को अपने जबाब दाखिल कर देने होंगे।

# एक बयान के बाद राजनीति में आया भूचाल

» मंत्री सत्तार के घर में एनसीपी कार्यकर्ताओं ने की तोड़फोड़

» मंत्री अब्दुल सत्तार से इस्तीफा लेने की मांग

**मुंबई ,07 नवम्बर 2022।** एनसीपी प्रमुख शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ मंत्री अब्दुल सत्तार की विवादित टिप्पणी ने महाराष्ट्र की सियासत में उबाल ला दिया है. मामला इतना बढ़ चुका है कि एनसीपी ने मुंबई पुलिस को चिट्ठी लिख मंत्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर दी है. सीएम एकनाथ शिंदे से भी अपील की गई है कि तुरंत अब्दुल सत्तार का इस्तीफा लिया जाए.



### ये पूरा विवाद है क्या, एनसीपी ने प्रदर्शन क्यों किया?

जानकारी के लिए बता दें कि अब्दुल सत्तार ने एक न्यूज चैनल को इंटरव्यू देते समय सुप्रिया सुले को लेकर विवादित टिप्पणी की थी. कथित तौर पर उनकी तरफ से सुले के लिए भिखारी शब्द का इस्तेमाल हुआ. उनके उसी बयान को एनसीपी ने बड़ा मुद्दा बनाया और अब्दुल सत्तार के इस्तीफे की मांग हुई. पार्टी की तरफ से पुलिस को पेन ड्राइव भी दी गई है. उस पेन ड्राइव में वो वीडियो है जहां सत्तार, सुले के खिलाफ विवादित टिप्पणी कर रहे हैं. अभी के लिए अब्दुल सत्तार के आवास के बाहर एनसीपी कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन भी किया और नारेबाजी देखने को मिली. बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है. बताया जा रहा है कि मंत्री के घर पर तोड़फोड़ की गई है, पत्थर फेंक शीशे तोड़े गए हैं.

### शिंदे की पार्टी बोली- इस्तीफे का सवाल नहीं

इस बारे में Balasahebchi Shiv Sena के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने दो टूक कहा कि मंत्री अब्दुल सत्तार का इस्तीफानहीं लिया जाएगा. वे कहते हैं कि प्रवक्ता होने के नाते हमने सत्तार के बयान के लिए पहले ही माफी मांग ली है.हम शरद पवार और सुप्रिया सुले का सम्मान करते हैं. लेकिन इस्तीफा देने का सवाल ही पैदा नहीं होता है. देश के हित के खिलाफ जिस पार्टी ने काम किया हो, वो इस्तीफे की बात करे, ये ठीक नहीं. लेकिन एनसीपी नेता महेश तापसे ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते मंत्री के खिलाफ एक्शन नहीं लिया गया तो राज्य में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू किया जाएगा. उनकी तरफ से उम्मीद जताई गई है कि मुंबई पुलिस पार्टी की शिकायत पर एक्शन लेगी.

# इलाका फायरिंग-बमबारी से दहला

## » आधा दर्जन लोग घायल,कोयला तस्करी पर वर्चस्व के लिए हिंसक टकराव

» उपद्रव के दौरान दो दुकानें और छह बाइक फूंक दी गई

**धनबाद ,07 नवम्बर 2022।** धनबाद जिले के फुलारीटांड मधुबन थाना क्षेत्र का खरखरी सिनीडीह और नारायणधोड़ा इलाका सोमवार को गोलीबारी, बमबाजी और आगजनी से दहल उठा। यहां कोयले के अवैध खनन और तस्करी में वर्चस्व को लेकर दो गुटों के खूनी टकराव में लगभग एक दर्जन लोग जख्मी हो गए हैं, जिनका इलाज स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है। उपद्रव के दौरान दो दुकानें और छह बाइक फूंक दी गई। टकराव की इस वारदात को सांप्रदायिक रंग देने की भी कोशिश हुई। धनबाद के तीन-चार थाना क्षेत्रों की पुलिस मौके पर कैंप कर रही है।



बताते हैं कि मधुबन थाना क्षेत्र के नारायणधोड़ा इलाके में एक गिरोह द्वारा कोयले के अवैध खनन और कारोबार का स्थानीय लोग कुछ दिनों से विरोध कर रहे थे। सोमवार को गिरोह के लगभग 50 लोग बस्ती में घुसे और फायरिंग-बमबाजी शुरू कर दी। कई घरों को लक्ष्य करके भी बम फेंके गए। दूसरी तरफ से भी जवाबी फायरिंग हुई। इसी दौरान दो दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। एक दुकान के मालिक का कहना है कि उससे 50 हजार रुपये भी लूट लिए गए। बस्ती में खड़ी छह बाइक को भी उपद्रवियों ने आग के हवाले कर दिया। राह से गुजर रहे लोगों की भी पिटाई की गई।

लगभग आधे घंटे तक यह तांडव चलता रहा, लेकिन स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बनी रही। बाद में मधुबन थाना, कतरास थाना, बरोरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मोर्चा संभाला। एसडीपीओ निशा मुर्मू ने कहा है कि दो गुटों के बीच संघर्ष हुआ है। उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घायल हुए आधा दर्जन लोगों को इलाज के लिए स्थानीय नर्सिंग होम में दाखिल कराया गया है। इधर इस वारदात के विरोध में स्थानीय लोगों ने खरखरी गांव के पास फोर लेन सड़क को कुछ देर तक जाम किए रखा। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ही पैसे लेकर इलाके में कोयले का अवैध खनन और कारोबार करवा रही है। इसी वजह से तस्करों का मन बढ़ा हुआ है।

इसके पहले बीते अप्रैल महीने में भी खरखरी ओपी अंतर्गत बंद पड़ी मधुबन कोलियरी में पंडुआभीठा बस्ती के समीप पोखरिया के पास अवैध कोयला उत्खनन को दो गुटों में जमकर संघर्ष हुआ था। ग्रामीणों की ओर से अवैध उत्खनन का विरोध किए जाने पर कोल तस्करों के गुर्गों ने अंधाधुंध फायरिंग व बमों का धमाका कर इलाके में दहशत फैला दी थी।

## सजाए मौत को सुप्रीमकोर्ट ने रिहाई में बदला!

**नई दिल्ली,07 नवम्बर 2022।** 2012 में अत्यंत क्रूर और दर्दनाक दरिंदगी से अंजाम दिए गए छावला रेप एंड मर्डर केस में आज सुप्रीमकोर्ट का बहुप्रतीक्षित फैसला पीड़ित पक्ष के लिए जहां दुस्सह आघात साबित हुआ वहीं कई सीनियर प्रतिष्ठित वकीलों ने भी खुलकर हैरानी जताई है।

आरोपियों को सेशनकोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी।हाईकोर्ट में भी इस सजा को उचित ठहराया गया मगर आज सुप्रीमकोर्ट ने तीनों आरोपियों की रिहाई का आदेश दे दिया।



विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।आज ही सुप्रीमकोर्ट के चीफ जस्टिस यू यू ललित साहब का कार्यकाल समाप्त होने के उपलक्ष्य में उन्हें परम्परागत गरिमा और शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई।

## कहीं भारी न पड़ जाए अग्निवीर योजना

-घटती घटना समाचार-

**हमीरपुर ,07 नवम्बर 2022।** अग्निवीर योजना घोषित होने के बाद हिमाचल विधानसभा का चुनाव होने जा रहा है मगर सत्ता में वापसी के लिए प्राणप्रण से लगी हुई भाजपा अपनी सभाओं में अग्निवीर योजना का उल्लेख तक नही कर रही है जबकि देश मे क्रांतिकारी बदलाव का मोदीजी को श्रेय देने के लिए नोटबन्दी तक की सराहना खूब बखानी जारही है। दरअसल भाजपा को शायद आभास हो गया हो गया है कि अग्निवीर योजना हिमाचल के युवाओं के गले उतर नही पाई है उल्टे वे इसे छलावा ही समझ रहे हैं और चुनाव में अपने वोट के जरिए अपने विरोध को व्यक्त कर सकते हैं जिसका प्रभाव सिर्फ हिमाचल तक ही सीमित नही रहेगा।



## संपादकीय

# दवा, दावे और हकीकत

औषधि की महाशक्ति बनने के लिए अनुसंधान और आविष्कार को प्रमुख कसौटी माना जाता है। दरअसल, अगर हम दवा क्षेत्र पर नजर डालें, तो एक दूसरी बड़ी समस्या हमारे ऊपर मंडरा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया है कि भारत अब ऐसी ताकत के रूप में उभर चुका है, जो दुनिया को दवाएं और वैक्सीन उपलब्ध करा रहा है। ये बात अर्धसत्य है। इसलिए कि भारत दवाओं के रिसर्च और डेवलपमेंट में आज भी बहुत पीछे है। मसलन, ऑक्सफॉर्ड-ऐस्ट्राजेनिका वैक्सीन का भारत में कोवीशील्ड नाम से उत्पादन देश की एक क्षमता को तो दिखाता है, फिर भी यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि औषधि की महाशक्ति बनने के लिए अनुसंधान और आविष्कार को प्रमुख कसौटी माना जाता है। बहरहाल, इस बहस से निकलते हुए अगर हम दवा क्षेत्र पर नजर डालें, तो एक दूसरी बड़ी समस्या हमारे ऊपर मंडरा रही है। ये समस्या एंटीबायोटिक दवाओं के बेसर होने की है। कोरोना महामारी के पहले भी वैश्विक स्तर पर एंटीबायोटिक दवाओं को बेअसर करने वाले पैथोजन बड़ी चिंता बन चुके थे। महामारी ने हालत और गंभीर बना दिया है। इसी साल की शुरुआत में द लैन्सेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक 2019 में दवाओं को बेअसर करने वाले इंफेक्शनों के कारण 13 लाख लोगों की मौत हुई।

भारत में बीते एक साल में कई एंटीबायोटिक और एंटीफंगल दवाओं के प्रति बैक्टीरिया ने प्रतिरोधक क्षमता हासिल कर ली है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने इस वर्ष सितंबर में एक रिसर्च प्रकाशित की। इसके मुताबिक कई बैक्टीरियल इंफेक्शनों के मामले में कार्बापेनेम्स दवाएं बेअसर हो चुकी है। कार्बापेनेम्स दवाओं की वह श्रेणी है, जो आईसीयू में न्यूमोनिया जैसे आम इंफेक्शनों के इलाज में इस्तेमाल की जाती रही है। रिपोर्ट तैयार करने से जुड़े रहे वैज्ञानिकों के मुताबिक सेप्सिस या कई गंभीर इंफेक्शनों के इलाज के मामले में दवाएं कम पड़ती जा रही हैं। इसकी वजह है उच्च प्रतिरोधक क्षमता वाले पैथोजंस। आम तौर पर पैथोजन क्रमिक विकास करते हुए मजबूत होते जाते हैं। लेकिन दवाओं के अत्यधिक या गलत इस्तेमाल से ये प्रक्रिया तेज हो सकती है। विशेषज्ञों ने कहा है कि भारत में मेडिकल केयर के अच्छे और विस्तृत ढांचे के अभाव ने इस मुश्किल को बहुत ज्यादा बढ़ाया है। अस्पतालों में इंफेक्शन कंट्रोल में कमजोरी और डायग्नोस्टिक सपोर्ट की कमी इसकी दो मुख्य वजहें हैं। बेहतर होता, सरकार ऊंचे दावे करने के बजाय इस और समस्याओं पर ध्यान देती।

# भारत पर किया गया कटाक्ष कि पुल गिरने के लिए बनते हैं!

पाकिस्तान के मशहूर व्यंग्यकार अनवर मकसूद के लोकप्रिय टेलीविजन शो 'लूज टॉक' के एक एपिसोड में मोईन अख्तर शिक्षक बन कर आए थे और उन्होंने एक सवाल पूछा कि 'पुल किसलिए बनते हैं'? एंकर अनवर मकसूद ने कई जवाब दिए लेकिन मोईन अख्तर संतुष्ट नहीं हुए और अंत में उन्होंने जवाब दिया कि 'पुल गिरने के लिए बनते हैं'! यह पाकिस्तान की बात थी, लेकिन भारत पर भी लागू होती है। भारत में भी पुल गिरने के लिए ही बनते हैं। हो सकता है कि पाकिस्तान से कुछ कम गिरते हों लेकिन भारत में भी पुल अक्सर गिर जाते हैं। हर बार इसकी बड़ी खबर इसलिए नहीं बनती है क्योंकि कई बार ऐसे समय में पुल गिरते हैं, जब उनके ऊपर या नीचे कोई नहीं होता है। यानी हादसे में कोई मारा नहीं जाता है। निर्माणाधीन फ्लाईओवर, रेलवे ओवरब्रिज, फुटओवर ब्रिज या मेट्रो के खंभों पर बिछाई जा रही पटरियां गिर जाती हैं। एक अंतरराष्ट्रीय जर्नल 'स्ट्रक्चर एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग' में 2020 में एक रिपोर्ट छपी थी। 'एनालिसिस ऑफ ब्रिज फेल्योर इन इंडिया फ्रॉम 1977 टू 2017' नाम से छपी इस रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में इन 40 सालों में 2,130 पुल तैयार नहीं हो पाए या निर्माण के अलग अलग चरणों में गिर गए! असल में पुल गिरना मीडिया में बड़ी खबर तब बनता है, जब ऐसी घटनाओं में लोग मरते हैं या घटना ऐसी जगह होती है, जहां चुनाव होने वाले होते हैं। याद करें कोलकाता में 2016 में विवेकानंद फ्लाईओवर गिर जाने की घटना को। उस घटना में 24 लोगों की जान गई थी। यह घटना मार्च में हुई थी और मई में पश्चिम बंगाल में चुनाव होने वाले थे। सो, यह बड़ी खबर बनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा था। बंगाल में 2018 में भी दक्षिण कोलकाता में एक पुल गिर गया था लेकिन उसकी कोई चर्चा नहीं हुई क्योंकि सिर्फ चार लोग मरे थे और कोई चुनाव भी नहीं था। पिछले 10-12 साल में ही पुल गिरने के कई बड़े हादसे हुए, जिसमें लोगों की जान गई। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में 2011 में लकड़ी का एक पुल गिर गया था, जिसमें 32 लोगों की जान चली गई थी। इसके थोड़े ही दिन बाद अरुणाचल प्रदेश में एक फुटब्रिज टूट कर गिर गया, जिसमें 30 लोगों की मौत हुई। मरने वाले ज्यादातर बच्चे थे। तीन साल पहले 2019 में मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज रेलवे टर्मिनस पर एक फुटओवर ब्रिज टूट गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। इस पुल का ऑडिट छह महीने पहले ही हुआ था! सोचें, अगर इन घटनाओं से कोई सबक लिया गया होता तो गुजरात के मोरबी में पुल गिरने का इतना बड़ा हादसा होता? गुजरात के



मोरबी में माच्छू नदी पर बना करीब 136 साल पुराना पुल मरम्मत के बाद दोबारा चालू होने के चौथे ही दिन टूट गया। पुल पर मौजूद करीब चार सौ लोगों में से ज्यादातर लोग नदी में गिर गए और करीब 140 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में सबसे ज्यादा संख्या बच्चों की है। इतने भयावह और दर्दनाक हादसे का जिम्मेदार कौन है? क्या हादसे के लिए वे ही लोग जिम्मेदार हैं, जिनको गिरफ्तार किया गया है और जिनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या के मामले दर्ज हुए हैं? जिस कंपनी को पुल के रखरखाव का ठेका दिया गया था उस कंपनी के छोटे छोटे नौ कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। हो सकता है कि उनके लालच की वजह से हादसा हुआ हो क्योंकि बताया जा रहा है कि टिकट क्लर्क ने क्षमता से कई गुना ज्यादा लोगों को टिकट दे दी थी। इसके बावजूद मुख्य जिम्मेदारी उनके ऊपर आयद नहीं होती है। मुख्य जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की बनती है। जिला कलेक्टर से लेकर नगरपालिका के अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर व अन्य अधिकारी जिम्मेदार बनते हैं और उससे भी ऊपर 'डबल इंजन' की सरकार की जिम्मेदारी बनती है।

यह यह हैंगिंग यानी झूलता हुआ पुल था, जो आमतौर पर पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में बनाया जाता था। अंग्रेजी राज में 1887 में जब यह पुल बना था तब बताया जा रहा है कि एक समय में इस पर 15 लोगों के जाने की इजाजत थी और जिस दिन हादसा हुआ उस दिन पुल पर चार सौ या उससे ज्यादा लोग थे! क्या इसके लिए सिर्फ टिकट क्लर्क जिम्मेदार ठहराया जाएगा? पुल के रखरखाव का काम अरेवा नाम की जिस कंपनी को दिया गया था उसका मुख्य काम घरों में काम आने वाले छोटे छोटे इलेक्ट्रॉनिक आइटम बनाने का है। क्या ऐसी कंपनी को ठेका देने के लिए कंपनी के छोटे कर्मचारी जिम्मेदार हैं? छह महीने की मरम्मत के बाद कंपनी ने फिटनेस सर्टिफिकेट लिए बगैर ही पुल चालू कर दिया था क्योंकि दिवाली के अगले दिन गुजराती नव वर्ष होता है और उस दिन काफी लोग इस क्षेत्र में घूमने आते हैं। क्या इसके लिए भी कंपनी के सिर्फ छोटे छोटे कर्मचारी जिम्मेदार ठहराए जाएंगे?

असल में कंपनी के प्रबंधन या उसके मझोले व निचले स्तर के कर्मचारियों से ज्यादा जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की बनती है। सबको पता था कि पुल बहुत पुराना और कमजोर है फिर भी किसी अनुभवहीन कंपनी को उसके रखरखाव का ठेका क्यों दिया गया? नगरपालिका से फिटनेस सर्टिफिकेट लिए बगैर पुल कैसे चालू हो गया? कंपनी के प्रबंधन की हिम्मत कैसे हुई कि वह बिना प्रमाणपत्र के इसे चालू करे? पुल 25 अक्टूबर को चालू हुआ और हादसा 30 अक्टूबर को हुआ, इस दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस क्या कर रहे थे? क्या पांच दिन तक उनको पुल चालू होने की सूचना नहीं मिली या उन्होंने जान बूझकर किसी फायदे के लिए अवैध तरीके से पुल को चालू होने दिया? इससे क्या पुल का रखरखाव करने वाली कंपनी और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत का मामला सामने नहीं आता है? इसके बावजूद गाज गिरी है, कंपनी के छोटे छोटे कर्मचारियों पर! साथ ही पूरे मामले पर लीपापोती का प्रयास भी शुरू हो गया है। छोटे कर्मचारियों की गिरफ्तारी और पांच लोगों की विशेष जांच टीम यानी एसआईटी बना कर मामले की तात्कालिक गरमी को शांत कर दिया गया है और अब आगे की जांच सरकारी स्टाइल में चलती रहेगी।

जाहिर है कि भारत में इस तरह के हादसों से कोई सबक नहीं लिया जाता है। हादसों के तुरंत बाद मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री राहत कोष से मुआवजे का ऐलान कर दिया जाता है, कुछ छोटे मोटे लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाता है और उसके बाद जांच शुरू हो जाती है, जिससे अंत में किसी की जवाबदेही नहीं तय होती है। एक समय था, जब रेल दुर्घटना पर लाल बहादुर शास्त्री ने और विमान हादसे पर माधवराव सिंधिया ने इस्तीफा दे दिया था। लेकिन अब कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। जब तक इस तरह के हादसों के वास्तविक जिम्मेदारों को सजा नहीं होगी तब तक ऐसे हादसे नहीं रूकेंगे। मोरबी हादसे में मारे गए लोगों की सच्ची श्रद्धांजलि मुआवजा देना नहीं है। अगर सरकारें इससे सबक लेती हैं, वास्तविक जिम्मेदार लोगों को सजा देती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि देश भर में जितने भी पुल और इस तरह का स्ट्रक्चर है, उनकी जांच होगी, जहां जरूरत होगी वहां मरम्मत होगी और एक भी जान ऐसे हादसे में नहीं जाने दी जाएगी, वह मोरबी में मारे गए लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

-अजीत द्विवेदी-

## वो कौन है



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़ छत्तीसगढ़

समय दिलों में प्यार बढ़ाने का है,
एक दूसरे पर लुटाने का है,
एकता बनाने का है,
देश के लिए मिट जाने का है,
पर वो कौन है?
जो दिलों की दूरियां बढ़ाये रखने
की जिद पर अड़े हैं,
वतन की भद्द पिटवाने की कगार पर
खड़े हैं,
हमें सोचना होगा कि
कौन नफ़रत के सौदागर हैं,
कौन कौमी एकता मिटाने के
ख्वाहिशगर हैं,
कब तक देश में
जाति धर्म के नाम पर फ़साद होते रहेंगे,
अपनों को लड़ाकर
राजनीतिक फसल बोते रहेंगे,
हम सब को मिलकर
ऐसे तत्वों को हराना होगा,
कलुषित मानसिकता के लोगों को
हर हाल में मुल्क से भगाना होगा,
तो आओ मिलकर एक दूसरे का
हाथ पकड़ें,
देशप्रेम के अटूट बंधन से खुद को
जकड़ें।

## गुरू नानक देव जी के 553वां प्रंकाश पर्व पर विशेष

# कलतारण गुरू नानक आया



**कुलदीप सिंह फौजी,**
गुरूद्वारा काम्पलेक्स, अम्बिकापुर,

गुरू नानक देव जी एक महान,समाज सुधारक,क्रान्तिकारी और राष्ट्रवादी गुरू थे, गुरू नानक देव जी (प्रथम नानक,सिख धर्म के संस्थापक) का जन्म कार्तिक पूर्णिमा को सम्वत 1526 (अंग्रेजी वर्ष 1469) को रायभोए की तलवण्डी वर्तमान में ननकाना साहिब (पाकिस्तान) के नाम से प्रसिद्ध स्थान पर हुआ था, गुरू नानक साहिब जी का जन्मदिन प्रतिवर्ष 15वीं कार्तिक पूर्णिमा यानि कार्तिक माह के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है, गुरू नानक जी के पिता मेहता कल्याण दास जी एवं माता तृप्ता जी एक बहुत ही साधारण एवं धार्मिक विचारों वाली महिला थी, गुरू नानक देव जी की बडी बहन नानकी जी थी,जो अपने छोटे भाई यानि गुरू नानक देव जी को बहुत प्यार करती थी। गुरू नानक देव जी एक अद्भूत एवं विलक्षण बाल थे, भगवान ने उन्हें एक गहन सोच वाले मस्तिष्क एवं तार्किक सोच से नवाजा था, 7 वर्ष की आयू में उन्होंने हिन्दी एवं संस्कृत भाषा सीखी, उन्होने दैवीय चीजों के प्रति अपनी अलौकिक एवं अद्भुत ज्ञान से अपने शिक्षक को आश्चर्यचकित कर दिया था, 13 वर्ष की आयु में वे फारसी एवं संस्कृत भाषा के ज्ञाता हो गए थे, 16 वर्ष की आयु में वह पूरे क्षेत्र में तेजस्वी विद्वान के रूप में समाज के सामने आए, उनका विवाह माता सुलखणी जी से हुआ, जिनके दो पुत्र बाबा श्रीचन्द एवं लखमी चन्द थे।

पंजाब में विभिन्न स्थानों का प्रवास करने के पश्चात उन्होंने देश और विश्व के भिन्न-भिन्न धार्मिक स्थानों के प्रवास करने का निर्णय किया, ये प्रवास गुरू नानक देव जी की चार उदासी के रूप में जानी जाती है।इस दौरान गुरू नानक साहिब ने विभिन्न धार्मिक स्थलों का प्रवास किया एवं सिखी के उपदेश दिये। उन्होने कुरूक्षेत्र, हरिद्वार, जोशीमठ, रीठा साहिब, गोरखमत्ता (नानक मत्ता), अयोध्या, प्रयाग, वाराणसी, गया, पटना एवं असम में गुवाहटी, ढाका, पुरी, कटक, रामेश्वरम, सीलोन, बिदर, भरूच, सोमनाथ, द्वारका, जूनागढ, उज्जैन, अजमेर, मथूरा, पाकपट्टन, तलवण्डी, लाहौर, सुल्तानपुर, बिलासपुर, रावलसर, ज्वालाजी, स्पीटी घाटी, तिब्बत, लद्दाख, कारगिल, अमरनाथ, श्रीनगर एवं बारामुल्लाह का प्रवास भी किया। गुरू नानक साहिब जी ने मुस्लिम धार्मिक स्थलों के भी दर्शन किये, इस परिपेक्ष में वे मक्का, मदीना, बगदाद, मुल्तान, पेशावर सखखर, हिंगलाज आदि भी गये, कई ऐतिहासिक दस्तावेज कहते हैं कि वे मक्का समुद्री रास्ते से गये। गुरू साहिब ने ईराक सम्पूर्ण अरब प्रायद्वीप, तुर्की और तेहरान (वर्तमान में इरान की राजधानी) का भ्रमण भी किया, तेहरान से गुरू साहिब ने कारवां के रास्ते काबुल, कंधार एवं जलालाबाद का भी प्रवास किया। प्रवास का मुख्य उद्देश्य लोगों में ईश्वर की सच्चाई और एक राष्ट्र केन्द्रित विचार के प्रति जागरूकता पैदा करना था, उन्होने सिख धर्म के विभिन्न उपदेश केन्द्रों की स्थापना की, सिख विचार का बीजारोपण निश्चित ही भारत में हुआ, लेकिन इसका प्रभाव वैश्विक है।



1520 में जब बाबर ने भारत पर आक्रमण किया, भारत भू को रक्त से लाल किया गया, अनेक धार्मिक स्थल तोडे गए, नगर के नगर उजाडे गए, मुगल सिपाहियों ने भारतीय जन पर अत्याचार किए,बाबर के सिपाहियों ने हजारों बेकसूर लोगों को मौत के घाट उतारा, एमनाबाद में महिलाओं पर अत्याचार हुए, विदेशी आक्रान्ता भारत की धनसम्पदा के जबर मालिक हो गए, गुरू नानक जी ने बाबर के इन कृत्यों का विरोध बडे ही कडे शब्दों में किया।

गुरू साहिब ने स्वयं को एक राष्ट्रवादी के रूप में प्रस्तुत किया एवं हिन्दुस्तान के विचार बाबर के सम्मुख प्रकट किय, उन्हें गिरफ्तार किया गया, मुगलों बाबर के विरुद्ध विरोध का बिगुल फूंकने वाले गुरुनानक देव जी ने एक नए स्वतंत्रता आन्दोलन का सूत्रपात किया, बाबर द्वारा उनकी गिरपतारी सिख इतिहास की दृष्टि से स्वतंत्रता आन्दोलन का प्रारम्भ है।

गुरू नानक साहब जी करतारपुर शहर (वर्तमान में पाकिस्तान का एक भाग), जो कि उनके द्वारा 1522 में बसाया गया था, में बस गये एवं अपना शेष जीवन (1522-1539) वहीं पर बिताया, वहां प्रतिदिन कीर्तन एवं लंगर की प्रथा का शुभारम्भ किया गया, जब गुरू साहिब ने देखा कि उनका अंत समय आ गया है तो उन्होंने भाई लहणा जी (गुरू अंगद साहिब) को द्वितीय नानक के रूप में 1539 को स्थापित किया अर्थात गुरुपद प्रदान किया एवं कुछ दिनों के पश्चात सचखंद में 22 नवम्बर 1539 को ज्योति जोत समा गये

गुरू नानक साहिब जी ने गृहस्थ जीवन में रहते हुए अपना आध्यात्मिक व सामाजिक जीवन को जीने की कला समझायी, गुरू नानक साहिब जी द्वारा स्थापित सिख जीवन दर्शन का आधार मानवता की सेवा, कीर्तन, सत्संग एवं एक सर्वशक्तिमान ईश्वर के प्रति विश्वास है, इस प्रकार उन्होने सिख धर्म की आधारशिला रखी।

उन्होंने एक नये तरीके से सर्वव्यापी, सर्वशक्तिमान और सच्चे ईश्वर-अकाल पुरख के प्रवचन दिये, ईश्वर निरंकार है, ईश्वर आत्मा है, रचयिता है, अविस्मरणीय है, जन्म-मृत्यु से परे हैं, कालविहीन है, काल निरपेक्ष है, भयरहित है एवं करता पुरख है, ईश्वर सब जानने वाला, अन्तिम सत्य, दाता, निरवैर एवं सर्वव्यापी है, वो सतनाम है, कभी न खत्म होने वाला, सदैव सत्य है।

उन्होंने वर्ण व्यवस्था का विरोध किया, एक समाज सुधारक के रूप में गुरू नानक साहिब जी ने महिलाओं की स्थिति, गरीबों एवं, दलितों की दशा को सुधारने के लिए कार्य किये, उन्होंने जाति प्रथा एवं मुस्लिम शासकों की नीतियों का विरोध किया, आप जी के 947 शबद श्री गुरूग्रंथ साहिब में अंकित है उनकी बाणियों में जपजी साहिब, आस दी वार, बारामाह, सिद्धगोस्ठ, ओंकार दखणी) आदि सम्मिलित हैं,संगीत उनकी. सृजनात्मक शक्ति का परिचायक बना, उन्होने भाई मरदाना जी के साथ मिलकर रागों पर आधारित शबद गायन प्रणाली का विकास किया, वो एक सुधारक के साथ साथ क्रान्तिकारी भी थे।

पुनः आप सभी को गुरूनानक देव जी के 553वें प्रकाष पर्व की लख लख बधाईयां...

## मेरा नाजुक सा दिल है



**रामेश्वर दास भान**
करनाल हरियाणा

मेरा नाजुक सा दिल है,
कोई पत्थर तो नहीं,
चोट इतनी ना दे मुझे,
कि टुकड़ों में बिखर जाऊं,
ना बना मुझको अनजान पहेली,
कि फिर मैं कभी सुलझ ना पाऊं,
धीरे-धीरे से दर्द दे मुझको,
एक साथ सहने की हिम्मत तो नहीं,
मेरा नाजुक सा दिल है,
कोई पत्थर तो नहीं,
वक्त क्या था जब साथ थे तुम मेरे,
अब घेरे रहते हैं मुझको ये अंधेरे,
कुछ रहम खा कुछ तरस रख मुझ पर,
प्यार ही तो किया था कोई दगा तो नहीं,
मेरा नाजुक सा दिल है,
कोई पत्थर तो नहीं,
गम देते हो क्यों मुझको रूलाकर,
क्या मिलता है मेरा दिल दुखाकर,
क्यों दिया था भरोसा साथ रहने का
मुझको,
अब मैं कहां जाऊं ये बता तो सही,
मेरा नाजुक सा दिल है,
कोई पत्थर तो नहीं,

## कत्ल



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

ऐसे किया है कत्ल , के ईमान ले गये ।
यारों वो जाते जाते , मेरी जान लें गये ।
आया न कुछ नज़र, सिवा उनकी अदाओं के,
चारो चरफ फैला हुआ , जहांन ले गये ।
देखा जो उनका ताब ,तो नज़रें न टीक सकी,
पल भर में छीन कर मेरा , गुमान ले गये ।
चेहरे के नूर में था ,मुकम्मल जहां यारों,
मेरे दर-ओ- दीवार की , वो शान ले गये ।
किससे कहूं ख़ुदाया ख़ैर,वो खुद ही थे सामने,
जाते हुये जमीन -ओ- ,आसमान ले गये ।
तौबा वो क्या मंज़र था ,अपनी ख़बर नहीं,
मैं कौन हूं क्या हूं ,मेरी पहचान ले गये ।

## देख लिया



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

आपको नज़र भर देख लिया
उफ़ ये क्या कहर देख लिया
उधर आप ही को देखते थे हम
तभी आपने भी इधर देख लिया
चले ही कितना थे बस दो कदम
यूँ लगा के सारा सफ़र देख लिया
माना के पर्दादारी रवायत है यहाँ
क्या हुआ फिर भी अगर देख लिया
इन मकानों से भरे हुए जंगल में
गीत हमने भी इक घर देख लिया

## केक्टस



**ओमप्रकाश बिन्जवे ÷ राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

ढूंढता हूं इंसां को ईंट गारों की चारदीवारी में।
उगते है केक्टस अब के गुलाब की क्यारी में।
सोचा था कि न याद करेंगे तुम्हें अब भूले से,
फिर तुम्हें याद किया दिल ने नींद की खुमारी में।
सियासत के हमाम में हर कोई बेलिबास है,
सबके हाथ रंगे है सपनों की कालाबाजारी में।
पा गए वो खिताब भी ,जो लगे रहे जी हुजुरी में,
के सब कहाँ होते है माहिर राग दरबारी में।
तकते तकते पथरा गई अवाम की नजरें,
उन्हें वक्त कहाँ,वो जुटे है चुनावी तैयारी में।

## जिन्दगी की किताब



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

लड़ रहा एक लड़ाई रोज़ खुद ही से मैं इस तरह
मौन हूँ पर भीतर शोर का सैलाब नज़र आता है
पढ़ रहा हूँ ज़िन्दगी की किताब मैं कुछ इस तरह
हर सफ़हा यूँ मेरे अश्कों के निशान लिए जाता है
हर सफ़हे पर नज़र आ रहे हमदर्द मेरे इस तरह
मुझे हर अपना न जाने पराया सा नज़र आता है
अल्फ़ाजों को पिरोया है सफहो में कुछ इस तरह
यहां लिखा हर अल्फ़ाज़ अपनी कहानी कहता है
जुड़ रहे हैं,सफ़हे दर सफ़हे ज़िन्दगी के इस तरह
हर किस्सा यहाँ दिलचस्प कहानी लिए रखता है

# कनाडा का मतलब और उसमें भारतीय

मैंने अपनी कनाडा यात्रा के बारे में लिखना तो शुरु कर दिया पर पाठकों को इस देश के बारे में यह नहीं बताया कि वह कहां है। अतः इस बारे में थोड़ी बहुत जानकारी देने की कोशिश कर रहा हूं। दरअसल उत्तरी अमेरिका का यह देश भारत से लगभग बिना रूके 14 घंटे की उड़ान उड़ने के बाद आता है। रूस के बाद क्षेत्रफल के हिसाब से यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है जहां दुनिया की सबसे ज्यादा मीठे पानी की झीले हैं वहां करीब 2 लाख झीले है।

दोबारा कॉलम लिखना शुरु करने के लगभग एक सप्ताह बाद रात को मेरी नींद टूटी। मुझे एक पुरानी बात याद हो आई। मेरे एक संपादक ने मुझे एक बार कहा था कि जब भी तुम किसी स्थान विशेष का जिक्र करो तो उसके बारे में कुछ जरुर लिख देना। जैसे कि त्रिरूचिरापल्ली नाम के स्थान का जिक्र करते हुए यह जरुर बता देना कि वह कहां है और वहां कौन सी भाषा बोली जाती है। उनका कहना था कि आम पाठक को हर चीज के बारे में जानकारी नहीं होती है और न ही तो वह इस बारे में किसी से कुछ जानने की कोशिश करता है, शायद यही वजह है कि मैंने जीवन में कभी भी टाई पहनना नहीं सीखी और न ही मुझे रेलवे का टाइम टेबल देखना आता है।

अब तो खैर रेलवे ने टाइम टेबल ही छापना बंद कर दिया है। मुझे लगा कि मैंने अपनी कनाडा यात्रा के बारे में लिखना तो शुरु कर दिया पर पाठकों को इस देश के बारे में यह नहीं बताया कि वह कहां है। अतः इस बारे में थोड़ी बहुत जानकारी देने की कोशिश कर रहा हूं। दरअसल उत्तरी अमेरिका का यह देश भारत से लगभग बिना रूके 14 घंटे की उड़ान उड़ने के बाद आता है। रूस के बाद क्षेत्रफल के हिसाब से यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है जहां दुनिया की सबसे ज्यादा मीठे पानी की झीले हैं वहां करीब 2 लाख झीले है।

कुछ का आकार तो छोटे मोटे देशों से भी बड़ा है। यहां लोकतंत्र है व उसकी प्रमुख ब्रिटेन की महारानी होती है जो कि अपने द्वारा नियुक्त गर्वनर-जनरल के जरिए राज करती है। देश का सबसे बड़ा प्रशासक प्रधानमंत्री होता है। सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है। वहां 10 राज्य व तीन केंद्र शासित प्रदेश हैं। अंग्रेजी व फ्रेंच यहां की मुख्य भाषाएं हैं क्योंकि कभी अंग्रेज व फ्रांसीसी इस देश पर शासन कर चुके हैं। यहां की मुद्रा डालर व सेंट है। नोटों पर महारानी की तस्वीर छपी होती है। यहां के अपने निवासियों की जनसंख्या 3.8 करोड़ है व बाहर से आए लोगों में भारतीय लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। कनाडा एक बहुत साफ सुथरा प्राकृतिक दृश्यों से भरपूर देश है जहां बहुत जबरदस्त हरियाली है। भारतीय लोगों में हिंदुओं व सिखों की आबादी करीब 10 लाख है जो कि यहां का महज पांच फीसदी हिस्सा है। वहां जनसंख्या काफी कम होने के कारण एशियाई देशों से बहुत बड़ी संख्या में युवा वहां पढ़ने व नौकरी करने के लिए जाते हैं।

-विवेक सक्सेना-

# भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी का ऐतिहासिक कदम



**केशी गुप्ता**
द्वारका दिल्ली

राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई भारत जोड़ो यात्रा इतिहास रचने को है। यह यात्रा 7 सितंबर 2022 को शुरू की गई और जिसके अंतर्गत 12 राज्य तथा 3500 किलोमीटर का सफर तय करनी का उद्देश्य है। जो 150 दिनों में पूरा किया जाएगा। इस यात्रा का उद्देश्य वर्तमान संदर्भ में भारत की एकता अखंडता को बनाए रखने और उसे मजबूती देने से है। यह यात्रा 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू की गई है जो जम्मू कश्मीर में जाकर विराम लेगी। अब तक इस यात्रा के तहत 500 किलोमीटर का सफर तय किया जा चुका है जिसमें 5 सदन स्टेट्स तमिलनाडु ,केरला, आंध्र प्रदेश कर्नाटका और तेलंगाना शामिल है। अब इस यात्रा का रूख महाराष्ट्र की ओर है। हालांकि भारत जोड़ो यात्रा को मीडिया द्वारा अत्याधिक कवरेज नहीं मिल रहा है। परंतु देश के हर राज्य के लोग राहुल गांधी की इस यात्रा से जुड़ते चले जा रहे हैं। आज जब देश और देश की जनता विकट सामाजिक, आर्थिक स्थितियों का सामना कर रही हैं। जैसे बेरोजगारी ,गिरती आर्थिक व्यवस्था तथा नफरत की लहर जो जनता के दिलों में भविष्य की एक भयावान तस्वीर को लेकर चिंता का विषय बनी हुई है। भारत जोड़ो यात्रा जनता के लिए एक उम्मीद/ एक किरण का काम कर रही है। यह यात्रा कांग्रेस पार्टी के लिए भी एक ऐतिहासिक कदम और बड़ा बदलाव साबित होगी। इस यात्रा का हिस्सा ना सिर्फ कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता, अध्यक्ष हैं बल्कि एक बड़ी संख्या में आम आदमी से ले कर विख्यात पर्सनालिटी और कई ऑर्गेनाइजेशन है। विदेशों से भी इस यात्रा को सपोर्ट मिल रहा है और यह चर्चा का विषय बनी हुई है। यात्रा के दौरान राहुल गांधी प्रत्येक राज्य के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं पर बातचीत कर रहे हैं तथा उन्हें उनकी समस्याओं के लिए आश्वासन देते नजर आ रहे हैं। श्रीमती सोनिया गांधी ने भी इस यात्रा को ज्वाइन किया था। अभी हाल ही में फिल्म जगत से संबंधित पूजा भट्ट ने हैदराबाद में इस यात्रा को ज्वाइन कर राहुल गांधी को समर्थन दिया। मीडिया द्वारा राजनीतिक दांवपेच के तहत राहुल गांधी कि जिस नकारात्मक छवि को बनाया गया यह यात्रा उस का एक बड़ा जवाब है। देश की जनता यह उम्मीद करती है की यह यात्रा भारत को परिभाषित करने वाली अनेकता में एकता के परचम को कभी झुकने नहीं देगी। यह यात्रा लोगों के दिलों में एकता की भावना को और उजागर करेगी। भारत को जोड़ने की दिशा में राहुल गांधी के इस कदम को हमारा सलाम तथा शुभकामनाएं।

कदम बड़े जो प्यार के जुनून से
हुजूम जोड़ गया नेक इरादों से

जय हिंद


## सीख



**सोमेश देवांगन**
पंडरिया कबीरधाम छत्तीसगढ़

दिखता सब को सूरज की गर्मी,
पर वह खुद अंदर से जलता है।
पानी को भी जब प्यास लगे,
सूखे भागों के कानों में कहता है।
पत्थर की मूरत अब पूजें कौन,
कौन छीनी की मार को समझता है।
बहते आँसू भी तब रोने लगते,
उन आँसू की पीड़ा कोई कहता है।
यहाँ बंजर धरती भी खूब हँसती,
जब उपजाऊ छाती पे हल चलता है।
पर की पीड़ा कौन किससे कहे,
रिश्तें तो बस मतलब से रहता है।
भेष बदलकर अब द्वेष निकालते,
अपना बना के वही तो कुचलता है।

# पुन्नी के आगास दिया



**उत्कर्ष सोनबोइर**
जगदलपुर बस्तर छत्तीसगढ़




धरम - करम के महीना कारतिक , दान पुन, लोक -आस्था मानव मनौती की इही बेरा आये। देवारी तिहार, भगवान बिसनु ह नींद ले जागी के दिन जेठानी एकादशी अउ कारतिक पुन्नी मेला मड़ई के इही महीना हे।

वेद पुराण में कहीथे कारतिक महीना भर दाई लक्ष्मी ह धरती म वास करते अउ अपन भगत मन के थैली ल धन-धान्य ले भर देथें, तुलसी दाई के पूजा करत, मान पठोवत ओखर शालिग्राम संग बर बिहाव रचथें, इही दिन ले हमर छत्तीसगढ़ में बर बिहाव के शुरुआत होथें।

शरद पुन्नी के बिहान दिन ले कारतिक नहाये ल जाथे तेहा कार्तिक पुणे के आत ले गंगा स्नान करथें, अब तो बिहानिया ले उठके पुन्नी नहवईया नोहर सोहर के होगें हे। देखनी कस होगे हे तरिया नदिया म डोंगा ढीलईया।

कारतिक पुन्नी ठउर ठउर म पुन्नी मेला होथे उही बेरा म हमर छत्तीसगढ़ में रईपुर के बबा हटकेश्वर नाथ की दुआरी खारून नदी के तीर महादेव घाट म पुन्नी मेला होथे। अउ नांदगांव शिवनाथ नदी तीर म मोहारा मेला जेला छत्तीसगढ़ जात्रा मेला के नाम से जाने जाथे।

बिहानिया नहा धोके देवता धामी शिव शंकर मनाथे, दान पून करतथे, जेकर ले जतका पुरते तत का चउर दार के घलो दान करथे।

संझा बेरा घर मुहाटी ल सुग्गर चउर पिसान चउक पूर थे, एक ठीक बांस के खंभा गड़ा के दिया ठउर बनाके झंडा सही रस्सी बांध के दिया ल फुलगी म रख के उपर खिचथे, धरती अगास ल अंजोर करैया ल आगस दिया कहीथे,कतको मनखे होहि जैन आगस दिया ल जानत घलो नही होहि, आगस दिया नंदागे गे हे आववो ये दारी हम्बु मन आगस दिया बार अउ अपन मन करम ले धरती आगस ल अंजोर कर न

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# प्रदेश सरकार की वादा खिलाफी से छत्तीसगढ़ के लोग हैं आक्रोशित : अरुण साव




- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 07 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा दौरा पर आए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने सोमवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले 4 वर्षों से कांग्रेस की सरकार है। कांग्रेस की भूपेश सरकार जिस तरह से राज्य को दुर्दशा कर रखी है इससे छत्तीसगढ़ की जनता काफी चिंतित वह आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद मेरा सरगुजा में यह पहला दौरा है। हालांकि इससे पूर्व भी संगठनात्मक कार्यों से मैं यहां आते रहा हूं। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जब मैंने सरगुजा आया तो जगह-जगह लोगों में उत्साह दिखा। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश में परिवर्तन की हवा बह रही है। पिछले 4 वर्षों से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। कांग्रेस की भूपेश सरकार जिस तरह से राज्य की दुर्दशा की है इससे प्रदेश की जनता चिंतित आक्रोशित है। राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। छत्तीसगढ़ में माफियाओं का गढ़ बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास के सारे कार्य ठप पड़े हैं। गांव हो या शहर कहीं भी विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार प्रदेश के हर वर्ग को ठगने का काम किया है। चुनाव के दौरान हाथ में गंगाजल लेकर खाई कसमें व किए गए जन घोषणा पत्र के वादों को एक भी पूरा नहीं की है। सरकार की इस वादाखिलाफी से छत्तीसगढ़ के लोगों में काफी आक्रोश है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि 11 नवंबर को बिलासपुर में भाजपा द्वारा महतारी हुंकार रैली का आयोजन किया गया है। इस रैली में प्रदेश भर की महिलाएं शामिल होंगे और शराब बंदी, सरकार द्वारा महिला स्व सहायता समूह से रोजी-रोटी छीनने, महिला उत्पीडन् सहित कई मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इस महतारी हुंकार रैली में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी शामिल रहेंगी।

## बीजेपी जनता की बनेगी आवाज

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार आदिवासी समाज के साथ अन्याय की है। इनका आरक्षण 32 प्रतिशत से कम कर 20 प्रतिशत कर दी है। इससे अनुसूचित जनजाति के बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति में जो छूट मिलती थी वह नहीं मिल पा रही है। सारी भर्ती प्रक्रिया रुकी हुई है। राज्य के युवाओं में सरकार को लेकर बड़ा आक्रोश है। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ की जनता की आवाज बनेगी और सड़क से लेकर सदन तक सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ेगी। प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने स्वास्थ्य मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस शहर के विधायक स्वास्थ्य मंत्री वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था की हालात ठीक नहीं है। प्रदेश की आदिवासी अंचल में लगातार बच्चों की मौतें हो रही है। उन्होने कहा कि कुल मिलाकर राज्य में अराजकता का माहौल है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने मिशन 2023 में कमल खिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता चाह रही है कि जल्द से जल्द इस सरकार से छुटकारा मिले। हम छत्तीसगढ़ की जनता की आवाज बनेंगे और 2023 में कमल खिला कर विकास की नई दिशा लेकर आएंगे और एक बार फिर शांति और सद्भावना का गढ़ बनाएंगे।

# लुण्ड्रा,धौरपुर,दरिमा क्षेत्र के डेढ़ सौ लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष के सामने किया भाजपा प्रवेश



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 07 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के प्रथम सरगुजा प्रवास पर लुण्ड्रा, धौरपुर, दरिमा क्षेत्र के डेढ़ सौ लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया 7 भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह तथा पूर्व विधायक विजयनाथ सिंह के मार्गदर्शन में संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के जिलाध्यक्ष अभिषेक पावले के नेतृत्व में डेढ़ सौ लोगों के भाजपा प्रवेश पर खुशी जाहिर करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने सभी नव प्रवेसियों को बधाई दी तथा उनके आगमन से पार्टी की मजबूती की कामना की 7 भाजपा प्रवेश करने वालों में मनियार मरावी, बन्नू मानिकपुरी, कुमार सिंह, मनीष सांडियाल, अनिल पावले, सोनू तिग्गा, सन्तोष भगत, भोला टेकाम, अजेन्द्र भगत, चन्द्र भगत, संगीत लकड़ा, सुनील टेकाम, रवि कुमार, रामदास, रामकुमार सांडियाल, सिरेन्द्र, रामचरण, समल नागेश, राम प्रसाद पावले, तरुण टेकाम, सुभाष टेकाम, मोहन पावले, प्रसोत्तम पावले, राम भरोष टेकाम, प्रेमसाय, फुलबसिया नागेश, किरण नागेश, विमला नागेश, मीना नागेश, रतन राम, नन्दलाल, रामनाथ, रघुराम, विष्णु, शिवकुमार, राजकुमार, रवि गणेश, संजय, दिनेश सिंह, शिव कुमार, घुरन, इन्द्रपाल, नारायण रामनरेश, भोज कुमार सिंह, राम दास, विजय सिंह, देवलाल, शंकर सिंह, उत्तम पैकरा, युगल किशोर मरावी, तुलेशवर सिंह मरावी, अमरेश पैकरा, सुनील सिंह, दीपक मिंज, ओमप्रकाश, रोशन, मुकेश, राजेश पावले, फगुवा राम, दीपक कुमार पैकरा, सुन्दरलाल, रामप्रसाद, हरिवंश सिंह, बागेश्वर राम, अजय, राजीव पैकरा, यशवंत, जगत राम, शिवबालक, विकाश, राजू कुमार, पिन्टू, रविन्द्र, विपन पावले, रजिन्दर, श्याम लाल, लखन राम, महेश, मुकेश राम, विपिन पावले, लखन राम, प्रमोद सिंह मरावी, भारत मरावी, दिलसाय, सुरेश कुमार पावले, नारायण, घुरन, प्रभु यादव, प्रेम सिंह, सोनू, महेश, विशाल पावले, प्रताप पोर्ते, संजय पोर्ते, अक्षय, गणेश, सुमित दास, मनीष टेकाम, विकास कोरवा, बिहारीलाल सांडिलय, बबलु कोरवा, सत्यम बरगाह, विनेश पोर्ते, सन्तोष बरगाह, देवन सांडिलय पारस पावले, बालम, सविन्दर व राजीव राम शामिल हैं।



# श्याम बाबा मंदिर का 26 वां वार्षिक महोत्सव पर शहर में निकाली गई शोभा-यात्रा



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 07 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

खाटूवाले श्याम बाबा मंदिर का 26 वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्याम सेवा मंडल द्वारा 4 दिनों तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सोमवार को राम मंदिर से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा राम मंदिर से निकलकर जय स्तंभ चौक, महामाया चौक, संगम चौक, देवीगंज रोड, घड़ी चौक, गांधी चौक होते हुए पीजी कॉलेज के सामने स्थित श्यामबाबा के मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान खाटूवाले श्याम बाबा की आकर्षक झांकी निकाली गई। इस दौरान श्याम बाबा की शीश दान वाली झांकी को भी पुष्प से सजाया गया था। शोभायात्रा में काफी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। रात को श्याम मंदिर में संकीर्तन व जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। जीतने वाले के सब साथ.. ये हारे का सहारा..ऐसा श्याम हमारा...., जो जितनी दूरी से लेकर आया..उसने उतने नजदीक से दर्शन सहित अन्य श्याम के आकर्षक संगीत पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। शोभायात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्याम सेवा मंडल द्वारा पीजी कॉलेज के सामने स्थित श्याम मंदिर में शोभायात्रा के बाद शाम को खाटूवाले श्याम बाबा का फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर महाआरती भी की गई। इसके बाद श्याम बाबा को 56 भोग व सवामणि भोग व अमृतमय महाप्रसाद का भोग अर्पित किया गया।

# अदाणी फाउंडेशन ने आयोजित किया निःशुल्क स्त्री रोग जांच शिविर




- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 07 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा के उदयपुर विकासखण्ड के ग्राम तारा में अदाणी फाउंडेशन द्वारा शनिवार को निःशुल्क स्त्री रोग जांच शिविर का अयोजन किया गया। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) के निगमित सामाजिक सहभागिता के तहत अदाणी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्राम तारा की कुल 51 महिलाओं ने स्त्री रोग से संबंधित बीमारियों के लिए चिकित्सकीय परामर्श कंसल्टिंग गायनेकोलॉजिस्ट डॉ श्रेष्टि पांडेय द्वारा दिया गया।

श्री सदन कुमार, सरपंच - ग्राम पंचायत तारा के सहयोग एवं डॉ. दीपक कुमार पुंगले, चिकित्सा प्रभारी, अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के समन्वय से स्त्री रोग शिविर का आयोजन अदाणी फाउन्डेशन तथा स्थानीय गैर सरकारी संगठन ग्राम उद्यमी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर में आयी महिला मरीजों का मेडिकल चेकअप और इलाज कर अवश्यकतानुसार दवाईयां भी प्रदान की गई। साथ ही चिकित्सा उपचार के दौरान स्त्री रोग से संबंधित रोग जैसे मूत्र पथ के संक्रमण, अनियमित मासिक धर्म चक्र, श्रोणि सूजन, आयरन की कमी और प्रजनन इत्यादि संबंधी मुद्दों में जागरुक भी किया गया।

शिविर आयोजन के लिए स्थानीय महिलाओं ने आरआरवीयूएनएल, अदाणी फाउंडेशन और ग्राम उद्यमी की सराहना की और धन्यवाद दिया।

स्त्री रोग शिविर को सफल बनाने अदाणी फाउंडेशन के श्री अनिल कुमार जायसवाल, श्रीमती वीना देवी देवांगन, डॉ. पूजा पांडे और ग्राम उद्यमी से सुश्री सुष्मिता कुमारी, महिला उद्यमी बहुउद्देशीय सहकारी समिति से श्रीमती अमिता सिंह, श्रीमती मौसमी बिस्वास, श्रीमती साधना और श्रीमती लैला यादव तथा इनकी टीम ने पूरा सहयोग दिया।

आरआरवीयूएनएल अपने सामाजिक सरोकार के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, आजिविका संवर्धन एवं अधोसंरचना विकास के कई कार्यक्रम संचालित करता है। जिसमें गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाओं में चलित मेडिकल वाहन के आलावा समय समय पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का अयोजन भी करता है।

# 36 प्रधान आरक्षकों की पदोन्नति सूची जारी,बने सहायक उप निरीक्षक

**अंबिकापुर, 07 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।** सरगुजा संभाग अंतर्गत प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के लिए आयोजित विभागीय पदोन्नति परीक्षा में उतीर्ण हुए 36 प्रधान आरक्षकों की पदोन्नति सूची जारी करते हुए नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया गया।

पदोन्नति सूची में नाम लाए गए सहायक उप निरीक्षकों का पीपी कोर्स परिणाम के आधार पर विभागीय प्रक्रिया अनुसार अपने तैनाती जिला इकाई में आगामी दिनों में रिक्त पदों के विरुद्ध पदोन्नति प्रदान की जाएगी। पदोन्नति सूची में दर्शित नाम के संमुख यदि किसी के विरुद्ध कोई विभागीय जांच अपराधिक प्रकरण दर्ज पाए जाने पर उनकी पदोन्नति प्रक्रिया प्रभावित होगी। आईजी अजय यादव ने बताया कि सरगुजा संभाग अंतर्गत विभागीय पदोन्नति में 36 सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने से संभाग के जिलों में अपराधों की विवेचना, कानून व्यवस्था, नक्सल विरोधी अभियान इत्यादि पुलिसिंग संबंधित कार्य की गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन के साथ-साथ पुलिस का मनोबल एवं उत्साह भी बढ़ेगा।

# करमा नृत्य करते हुए ईसाई आदिवासी महासभा ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 07 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

ईसाई आदिवासी महासभा द्वारा करमा नृत्य करते हुए सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर घेराव किया। इनकी मांग है कि आदिवासी करमा नृत्य का आयोजन करने दिया जाए दरसअल सरगुजा जिले में ईसाई आदिवासी महासभा द्वारा 8 तारीख को होने वाले करमा नृत्य महोत्सव को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाने के लिए करमा नृत्य का आयोजन किया जाना था। लेकिन मूल आदिवासी हिन्दू समाज द्वारा इसके पूर्व में ईसाई आदिवासी महासभा द्वारा किए जा रहे करमा नृत्य का विरोध किया गया था, जिसको देखते हुए जिला प्रशासन ने आगामी 8 नवंबर को होने करमा नृत्य को स्थगित कर दिया है। इसी के विरोध में ईसाई आदिवासी महासभा द्वारा सैकड़ों की संख्या में कलेक्टोरेट पहुंच कर यह मांग की गई है कि हमें करमा नृत्य सीखने के लिए अनुमति रविवार व सरकारी छुट्टी के दिन दी जाए जिससे कि आगामी आदेश के बाद जब भी अनुमति मिलेगी तो हम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करने के लिए करमा नित्य का आयोजन किया जाएगा।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकृष्ण दुबे से की मुलाकात

**अंबिकापुर, 07 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने जनसंघ से भाजपा तक की यात्रा में दशकों तक निस्वार्थ कार्य करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकृष्ण दुबे के सत्तीपारा स्थित निवास जाकर स्वास्थ्य की जानकारी ली व परिवारजनों से मुलाक़ात किया। राधाकृष्ण दुबे ने भाजपा से जुड़ी पुरानी स्मृतियों को प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही संभाग भाजपा के प्रभारी संजय श्रीवास्तव के साथ साझा किया। 90 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकृष्ण दुबे भाजपा नेता व लाइफ लाइन हॉस्पिटल के डायरेक्टर विवेक दुबे के पिता हैं। प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने इस दौरान कहा कि भाजपा का वर्तमान आभामंडल, जनसंघ से लेकर अभी तक की यात्रा में समर्पण त्याग और परिश्रम से अनवरत काम में लगे रहनेवाले वरिष्ठजनों के कारण ही सुशोभित है। नए पुराने सभी कार्यकर्ताओं के मान सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस दौरान भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव, संजय नेता, आलोक दुबे, अखिलेश सोनी, कैलाश मिश्रा, विद्यानन्द मिश्रा, गोपाल पटवा व मुकेश तिवारी उपस्थित थे।

# अंधकार से प्रकाश की ओर प्रेरित करने वाला पर्व देशवासियों के जीवन को युगों-युगों तक करता रहे आलोकित






- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 07 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

प्रबोधनी एकादशी के अवसर पर भारतेंदु साहित्य कला समिति सरगुजा के तत्वाधान में दीपोत्सव मिलन, विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । आयोजन के प्रथम चरण में समिति अध्यक्ष श्रीमती नीलिमा मिश्र ने उपस्थित प्रबुद्धजनों का स्वागत करते हुए दीपात्सव एवं देवउठनी एकादशी की शुभकामनांए दी । उन्होंने कहा कि अंधकार से प्रकाश की ओर प्रेरित करने वाला पर्व देशवासियों के जीवन को युगों-युगों तक आलोकित करता रहे । समिति के संरक्षक एवं वरिष्ट विचारक बब्बनजी पाण्डेय ने पं. जीवननाथ मिश्र की पुस्तक लोक नायक राम की समीक्षा करते हुए कहा कि इस वृत काव्य में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी लीलाओं का आद्योपान्त सुरूचिपूर्ण वर्णन किया गया है। इसकी सुलभता गांवो तक होनी चाहिए जिससे लोग सरल एवं सरस भाषा में लिखित राम चरित्र को समझ कर प्रेरणा प्राप्त कर सकें। डॉ. सुदामा मिश्र ने रामचरित मानस के विभिन्न प्रसंगों की विस्तृत संख्या करते हुए उसकी आध्यात्मिकता एवं वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला । डॉ.जे.पी.श्रीवास्तव ने कम्ब राममाण, बाल्मिकी रामायण एवं रामचरित मानस का तुलनात्त्मक अध्ययन एवं अनुशीलन विषय पर ज्ञानवर्धक एवं रोचक अभिव्यक्ति दी। समिति के संयोजक द्वितेन्द्र मिश्र ने रामायण को समाज का पथप्रदर्शक बताते हुए साक्षात ईश्वर का स्वरूप निरूपित किया । उन्होंने समिति के नवीन सदस्य पूर्व अपर कलेक्ट निर्मल तिग्गा सहित अन्य नये सदस्यों का स्वागत किया गया । आयोजन के द्वितीय चरण में स्थानीय रचनाकारों द्वारा सरस काव्य पाठ किया गया ।

इस अवसर पर समिति द्वारा प्रतिवर्ष पं.जीवननाथ मिश्र साहित्य समान दिये जाने के घोषणानुरूप सत्र-2022 के पं. जीवननाथ मिश्र साहित्य सम्मान से सरगुजा के वरिष्ठ साहित्यकार रामप्यारे रसिक को अलंकृत किया गया। श्री रसिकजी की अस्वस्थता की वजह से समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उनके निवास पर उनहें इस सम्मान स्वरूप प्रशस्ति-पत्र, मोमेन्टों एवं ग्यार हजार की सम्मान निधि प्रदान की । आयोजन को सफ ल बनाने में हरिकिशन शर्मा, भगत सिंह विहंस, उमाकान्त पाण्डेय, प्रकाश कश्यप, अर्चना पाठक, आश पाण्डेय, माधुरी दुबे, गीता दुबे, अलका मिश्रा सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आभार प्रदर्शन मदन मोहन मेहता ने किया ।

# क्या जनता को ठंड लगती है विधायक को चार साल बाद आई याद?

- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 7 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

बैकुंठपुर विधायक को अब चुनाव नजदीक आते ही जनता की याद आने लगी है और अब उन्हें जनता के बीच लगातार जाते देखा जा रहा है और उनकी समस्याओं को जानने की कोशिश करते भी देखा जा रहा है। बैकुंठपुर विधायक क्षेत्र भ्रमण करते हुए राष्ट्रपति दत्तक पुत्र पंडो बस्ती पहुंची जहां उनके साथ नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा सिंह भी साथ थीं और वहाँ उन्होंने वहां कंबल वितरण किया और उन्हें मुख्य धारा में शामिल करने का वादा किया। बैकुंठपुर विधायक के इस क्षेत्र भ्रमण और कंबल विरतण को चुनाव के समीप आते ही जनता की याद आने लगी जैसा मानकर चला जा रहा है और देखा जा रहा है। 2023 में विधानसभा चुनाव है और चुनाव नजदीक आते ही नेताओं को जनता की याद आना स्वाभाविक माना जाता है, वैसे तो हर नेता जनता के बीच जाकर अपनी उपलब्धियों को गिनवाता है और समस्याओं को सुनकर उसके समाधान की बात करता है लेकिन बैकुंठपुर विधायक चार सालों तक वैसे भी जनता से दूर रहीं हैं और क्षेत्र भ्रमण में कमजोर रहीं हैं ऐसे में उपलब्धि गिनवाने का सवाल तो नहीं उठता लेकिन समस्याओं के समाधान की बात वह कर सकतीं हैं और कर भी रहीं हैं।



बैकुंठपुर विधानसभा वैसे किसी विधायक के भ्रमण के हिसाब से सबसे उपयुक्त माना जाता है और कोई भी क्षेत्र पहुंच विहीन नहीं है और यदि चाहें तो एक ही दिन में पूरा भ्रमण किया जा सकता है लेकिन फिर भी विधायक का क्षेत्र में कम ही पहुंच पाना हमेशा जनता के लिए सवाल रहा और जो चर्चा का भी विषय रहा। अब चुनाव नजदीक है और जनता के बीच जाना ही पड़ेगा इसलिए विधायक अब जनता के बीच पहुंच रहीं हैं ऐसा माना जा रहा है। बैकुंठपुर विधानसभा में इसके पूर्व के जितने भी विधायक रहे कोई भी जनता से इतना दूर नहीं रहा जितना वर्तमान विधायक हैं।

### क्या जनता को ठंड लगती है विधायक को चार साल बाद आई याद?

बैकुंठपुर विधायक अंबिका सिंहदेव, नगर पालिका परिषद नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह पहुंचे पंडो बस्ती दत्तक पुत्र को बांटे गए गर्म कपड़े, कड़ाके की ठंड अभी पढ़ना शुरू नहीं हुआ है पर कड़ाके की ठंड पड़ेगी जिसमें बिना गर्म कपड़े के रहना काफी मुश्किल हो जाता है, हर वर्ष ठंड के कारण कई लोगों की जान चली जाती है, इसी को देखते हुए बैकुंठपुर विधायक व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन अंबिका सिंहदेव, नगर पालिका परिषद नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह एवं जिला प्रशासन के सहयोग से ग्राम कंचनपुर में कई वर्षों से रह रहे पंडो जनजाति के लोगो के गांव में जाकर गर्म कपड़े का वितरण किया गया, अपने बीच में लाडली विधायक अंबिका सिंहदेव को पाकर खुशी तो उन्होंने जाहिर की साथी अपने विधायक को पहचान भी गए की यही उनके क्षेत्र की विधायक है, कंचनपुर ग्राम के पंडोपारा के गरीब लोगों ने अपने बीच क्षेत्रीय विधायक व संसदीय सचिव को पाकर अभिभूत हुए, उनके द्वारा कहा गया कि वे क्षेत्र की पहली विधायक है जो ठंड से पहले हम गरीबों की सुध लेकर कंबल बांट रही है, यह समर्थको का कहना है बाकि उनके मन में क्या है वह तो 2023 में पता चलेगा? नगर पालिका अध्यक्ष शिवपुर चरचा लालमुनि यादव, मंडी अध्यक्ष बृजवासी तिवारी, विधायक प्रतिनिधि रामकृष्ण साहू, बैकुंठपुर तहसीलदार मनहरण राठिया एवं अन्य अधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- » विधायक को याद आई जनता,दिखने लगी विधायक की संवेदनशीलता, बांटा कंबल।
- » बैकुंठपुर विधायक चार साल बाद अब पहुंचने लगीं जनता के बीच, जनता की परेशानियों की लेने लगीं सुध।
- » चार साल तक विधायक नहीं देखी जाती रहीं क्षेत्र में, नहीं ली कभी जनता की सुध।
- » स्थानीय विधायक को दिखने लगा 2023, क्या इसलिए आई गरीबों की याद?

### 2023 की तैयारी तो नहीं?

विधानसभा 2023 को लेकर उल्टी गिनती शुरू हो गई है अब बहुत दिन बचे नहीं है और 2023 की तैयारी राजनीतिक दलों की शुरू हो गई है चाहे वह पक्ष हो या फिर विपक्ष, सत्ता पक्ष की स्थानीय विधायक अंबिका सिंहदेव को भी अब जनता की फिक्र होने लगी है जनता के पास जाना है उनसे जुड़ाना शुरू है उनकी समस्या सुनना है और उसका समाधान करना है, यह सब अब उन्हें याद आ चुका है जिसे लेकर वह अब जनता के बीच जाने लगी हैं और जनता की समस्याओं से रूबरू होने का प्रयास कर रही हैं पर यह प्रयास सिर्फ 2023 के लिए है या फिर वास्तव में हृदय परिवर्तन हो गया है? कंबल वितरण के दौरान श्रीमती सिंहदेव के द्वारा कहा गया आपकी हर समस्याओं का समाधान किया जाएगा एवं समाज की मुख्यधारा से आप को जोड़ने का पूरा प्रयास मैं करूंगी, मुख धारा से जोड़ने में शायद उन्हें विलंब हो गया है पर देर से ही सही उन्होंने जनता के बीच जाना तो शुरू किया, उनकी याद तो आई यही समझ कर जनता उन्हें दोबारा फिर अपने बिच ला सकती हैं।

## शून्य रकबा में किया जा रहा आवश्यक सुधार

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 07 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

गिरदावरी अनुसार रकबा शून्य प्रदर्शित होने वाले पंजीकृत किसानों के संबंध में आवश्यक सुधार किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के निर्देशानुसार राजस्व कृषि, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों के द्वारा पंजीयन में आ रही समस्या का समन्वय से निराकरण किया जा रहा है। शून्य रकबा वाले कृषकों का खाद्य विभाग के तहसीलदार मॉड्यूल में पंजीयन में आवश्यक सुधार हेतु प्रावधान दिया गया है जिसका तहसीलदार द्वारा परीक्षण कर संशोधन की कार्यवाही की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 243 कृषकों का डुप्लीकेट पंजीयन के कारण, 1104 कृषकों का गिरदावरी अनुसार तथा अन्य तकनीकी कारणों से भी रकबा शून्य प्रदर्शित हो रहा है। जिले में 1 नवंबर 2022 को शासन के निर्देशानुसार सभी समितियों में कृषकों का सम्मेलन आयोजित कर टोकन तुंहर हाथ एप्प का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। साथ ही कृषकों को जानकारी दी गई है कि जिस भी कृषक का पंजीकृत रकबा में संशोधन की आवश्यकता हो, वे तहसील कार्यालय में संपर्क कर संशोधन करा सकते हैं।

## मानवाधिकार संरक्षण में अहम होती है पुलिस की भूमिका, पुलिस कार्यालय में आयोजित हुआ वाद विवाद प्रतियोगिता

- संवाददाता -
सूरजपुर, 07 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

मानवाधिकारों के संरक्षण में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। पुलिस खुले मन से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए आमलोगों को उनके अधिकारों को दिलाने तत्परता से कार्य करती है। उक्त उद्गार पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश एवं मार्गदर्शन में मानवाधिकार विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने कही। जिसमें 8 पुलिसकर्मियों की दो टीमों ने भागीदारी करते हुए मानव अधिकारों के संरक्षण के पक्ष और विपक्ष में तर्क दिए। किसी ने इसे जरूरी बताया तो कोई इसके विरोध में बोला।



प्रतियोगिता में दो समूह बनाया गया। इस प्रतियोगिता में पक्ष की ओर से कहा गया कि पुलिस एक ऐसी व्यवस्था का अंग है जिसका सीधे जुड़ाव आमलोगों से होता है। कोई भी पीड़ित पक्ष सबसे पहले न्याय के लिए पुलिस के पास आता है। शुरुआती दौर में ही पीड़ित पक्ष के दर्द को समझ कर पुलिस के द्वारा सहयोगात्मक भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। ऐसा करने से आमजनों में पुलिस के प्रति जहां विश्वास बढता है वहीं पीड़ित पक्ष के अधिकारों की रक्षा भी हो जाती है। कईयों ने मानव अधिकारों के संरक्षण के पक्ष में अपनी राय रखते हुए मानव अधिकारों के संरक्षण के प्रति पुलिस के संवेदनशील होने पर जोर दिया।

वहीं विपक्ष में पुलिसकर्मियों ने कहा कि मानव अधिकारों के संरक्षण को अपराधियों पर अंकुश लगाने में बाधक बताया। उनका तर्क था कि मानव अधिकारों की आड़ में कई शातिर अपराधी बच जाते हैं। कई मामलों में अकारण ही मानवाधिकार की कार्यवाही का उदाहरण देते हुए इसे घातक बताया। अंत में निर्णायक की भूमिका निभा रहे डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, निरीक्षक धर्मानंद शुक्ला व स्टेनो अखिलेश सिंह द्वारा पक्ष से एसआई नीलाम्बर मिश्रा एवं विपक्ष से आरक्षक हेमन्त यादव को विजेता घोषित किया। जिले के इन दोनों विजेताओं को इसी विषय पर भाग लेने के लिए रेंज स्तर पर भेजा जाएगा। इस दौरान अग्रिमा मिश्रा, प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, मुकेश्वर वर्मा, आरक्षक हेमन्त यादव, अनिश तिवारी, सूरज गुप्ता, आलोक सिंह, सुन्दर श्याम सोनी, जीवन साहू, महिला आरक्षक प्रफुल्ला मिंज व रामप्यारी मौजूद रहे।

## अनुविभागीय एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 07 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

विपणन वर्ष 2022-23 में जिले के धान खरीदी केन्द्रों के सत्त् निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किए जाने एवं सुव्यवस्था हेतु पूर्व में जारी आदेशों को अधिक्रमित करते हुए कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के द्वारा अनुविभागीय एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। धान खरीदी केन्द्रों के नाम के समक्ष अंकित निम्नानुसार अनुविभागीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबिकापुर अनुभाग हेतु अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रदीप साहू को नोडल अधिकारी एवं तहसीलदार श्री भूषण सिंह मंडावी एवं प्रभारी तहसीलदार श्री प्रमोद देवहरे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार उदयपुर अनुभाग हेतु अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती शिवानी जायसवाल एवं तहसीलदार मनीष सूर्यवंशी एवं तहसीलदार श्रीमती गरिमा ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी, अनुभाग धौरपुर हेतु अनुविभागीय अधिकारी श्री आरएस ठाकुर एवं तहसीलदार श्री संजीत पांडे एवं अनुभाग सीतापुर हेतु अनुविभागीय अधिकारी श्री रवि राही एवं तहसीलदार श्री मुखदेव यादव, श्री शिवनारायण राठिया एवं तहसीलदार श्रीमती नीतू भगत को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## सेवा निवृत्त उप सेनानी डी के सिंह ने किया भाजपा प्रवेश

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 07 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के सेवा निवृत्त उप सेनानी, नगर के लोकप्रिय वरिष्ठ नागरिक डीके सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के समक्ष सोमवार को भाजपा में प्रवेश किया। पूर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम, भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव, जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, पूर्व सांसद कमल भान सिंह, पूर्व विधायक रजनी त्रिपाठी तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया की उपस्थिति में डीके सिंह के भाजपा प्रवेश पर खुशी जाहिर करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी तथा कहा कि उनकी सशस्त्र बल में सेवा व अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा तथा संगठन मजबूत होगा।

## 20 करोड़ 43 लाख रूपये की लागत से 56 सड़कों का नवीनीकरण कार्य शुरू

### ग्रामीण एवं अंदरूनी हिस्सों की सड़कें भी होगी दुरुस्त

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 07 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 56 सड़कों के नवीनीकरण के लिए 20 करोड़ 43 लाख 16 हजार रुपये की स्वीकृति शासन द्वारा प्राप्त हुई है। इन सभी सड़कों के मरम्मत एवं डामरीकरण कार्य हेतु ठेकेदार की नियुक्ति हो चुकी है एवं संबंधित ठेकेदार द्वारा विभाग से अनुबंध की कार्यवाही पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। खराब सड़कों के मरम्मत कार्य शुरू होने से ग्रामीण एवं अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों की स्थिति भी दुरुस्त हो जाएगी। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने पीएमजीएसवाय के अधिकारियों को सभी स्वीकृत कार्य जल्द से जल्द शुरू कर गुणवत्तापूर्ण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बिकापुर विकासखण्ड में कुल 59.88 किलोमीटर लंबाई की 26 सड़के जिसमें खजूरी से ससकालो, कल्याणपुर से नवापारा कला, दरिमा रोड़ से करैया पटेलपारा, कर्रा अमेराढाब से कर्रापाथीपारा, कर्रा तुर्रापारा से सोनबरसा महुआपारा, सोनपुर भण्डारपारा से असोला, बिलासपुर धनवार रोड़ से खलिबाखास, कुनियाकला से अडची, नवापारा से नवापारा-3, अम्बिकापुर दरिमा मैनपाट रोड़ से नवगई, रेवापुर मुड़ापारा से रेवापुर पटेलपारा, अम्बिकापुर से सरईटिकरा माझापारा, अम्बिकापुर मेन रोड़ से परसा, बिलासपुर धनवार रोड़ से केराकछार, अम्बिकापुर दरिमा मैनपाट रोड़ से भालुकछार, सरगंवा रूखपुर रोड़ से घंघरी नावापारा, अम्बिकापुर-केरता-जगन्नाथपुर से कुल्हाड़ी, मोतीपुर से माझापारा- छिन्दकालो माझापारा, दरिमा-मैनपाट रोड़ से मानिकप्रकाषपुर, सखौली नावापारा से लावाडीह, बिलासपुर धनवार रोड़ से जगदीषपुर, लिबरा स्कूलपारा से किषुनपुर, बडेदमाली से नानदमाली रमेलापारा, बडे दमाली से नान दमाली जुनापारा, बरगंवा से बरगंवा गहिलाचुआँ, सोहगा पतरापारा से सोहगा शामिल हैं।

## रेहर भूमिगत खदान से कॉपर केबल तार चोरी मामले में थाना सूरजपुर पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर, 07 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

बीते 21 अक्टूबर को रेहर भूमिगत खदान के खान अभियंता सुरेश बाबु ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि खदान के 1 नंबर इंकलाईन से फ्लेक्सिबल पीव्हीसी कॉपर केबल 30 मीटर को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की विवेचना करते हुए पुलिस ने दिनांक 21.10.22 को आरोपी प्रमोद मण्डल पिता रामेश्वर मण्डल उम्र 30 वर्ष निवासी विश्रामपुर को गिरफ्तार कर चोरी का 10 मीटर तांबा का तार कीमत 10 हजार रूपये का जप्त किया था। पूछताछ पर आरोपी ने अपने 2 अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना बताया था जिसके बाद से ही दोनों आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी।

एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस आरोपियों की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर मामले में संलिप्त आरोपी ईश्वर चंद पिता मानसाय उम्र 31 वर्ष निवासी पोड़ी, थाना सूरजपुर को पकड़ा गया जिसके निशानदेही पर चोरी का 15.85 मीटर तांबा का तार कीमत 12 हजार रूपये का बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर सहित उनकी टीम सक्रिय रही।



## दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन



- संवाददाता -
सूरजपुर, 07 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत गोपालपुर में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगीता का का समापन समारोह मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष सूरजपुर एवं राजीव युवा मितान क्लब के समन्वयक , युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव , सरपंच प्रभुनारायण सिंह , सोसायटी अध्यक्ष अनीश सिंह की उपस्थिति में किया गया। प्रतियोगिता में आठ ग्राम पंचायत भाग लिये थे। जिसमें सेमी फ़ाइनल में प्रवेश करने वाली टीम नयनपुर ,परसापारा राजापुर,और पचिरा रही। परसापारा और पचिरा ने फ़ाइनल राउंड में जगह बनाई। दोनो टीमों के बीच फाइनल मैच खेला गया जिसमें प्रदर्शन काफी रोमांचक रहा। जिसमे पचिरा की टीम विजयी रही। खेल का आयोजन में ग्राम पंचायत गोपालपुर समिती के भगत , दीनदयाल,प्रदीप,मिथुन,ओमप्रकाश आदि का सक्रिय योगदान रहा।



## सूरजपुर तहसील कार्यालय में दलालों का जमघट

- ओमकार पांडेय-
सूरजपुर, 07 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

कोई नृप होय हमे क्या हानि.... !यह कहावत तहसील के उन बाबुओं पर लागू होता है जो वर्षों से एक ही जगह पर अंगद की पांव की तरह न केवल जमे हुए है बल्कि अपनी भृष्ट कार्यशैली से सरकार व प्रशासन की छवि को बट्टा लगा रहे है। सरकार व प्रशासन की मंशा है कि आम आदमी को सरकारी काम खास कर जमीन सम्बन्धी मामलों में अनावश्यक भटकना न पड़े और उनके काम आसानी से हो जाएं पर यहां तहसील से लेकर अनुविभाग स्तर के दफ्तर बाबुओं व दलालों के ऐसे मकडज़ाल में फंसा हुआ है, कि आम आदमी अपना कोई भी काम बिना रुपए चढ़ाए नहीं करा पा रहा है। सूरजपुर तहसील कार्यालय में दलालों का जमघट लगा लिया है, जो उनकी ओर से लोगों से रुपए लेकर हर तरह के काम करा रहे हैं। दलाल और बिचौलियों के इशारे पर हर वह अनैतिक कार्य को बखूबी अंजाम दिया जा रहा है। कायदे-कानून के लिहाज से यह उचित नहीं कहा जा सकता है। लेकिन यहां सब कुछ पैसे की माया है, दलालों-बिचौलियों के जरिए सुगमता से हर काम करा दिया जाता है। यहां तहसील में लंबे वक्त से बाबू जमे हुए है जिनके रहते कोई काम आसानी से होता नही और उनकी सेहत में कोई फर्क पड़ता नही जिससे अधिकारी चाह कर भी कुछ नही कर पाते।



### हर बात के लिए तय है सुविधा शुल्क

तहसील कार्यालय से जुड़े आम लोगों के काम आसानी से नही होते हैं। तहसील से जुड़े कार्यों के लिए बनाए गए । त्रुटि सुधार, खसरा-खतौनी की नकल, नक्शा की कॉपी, भू-अधिकार पुस्तिका, बटांकन, बटवारा, सीमांकन, नामांतरण और डायवर्सन, सभी तरह के काम के लिए सरकारी फीस के अलावा सुविधा शुल्क की राशि भी तय है, जो लोग शुल्क दे देते है, उनके काम तो आसानी से हो रहे हैं, लेकिन जो सुविधा शुल्क नहीं देते हैं, उनके काम को दरकिनार रखते हुए महीनों तक नहीं किए जाते हैं। इतना ही नहीं सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हो या निजी जमीन का विवाद, सभी केसों को जरुरत से ज्यादा लंबित रखा जाता है, ताकि पीड़ित पक्ष मजबूरन सुविधा शुल्क दे। फिर भी शुल्क नहीं मिलता है, तो काम लंबित ही रहता है।







# क्या संवेदनशीलता प्रकट करने में भाजपाई अव्वल, कांग्रेस में नहीं दिखी संवेदनशीलता की झलक ?

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 7 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

» भाजपा से पूर्व विधायक के निधन पर भाजपा के बड़े नेताओं ने खुद पहुंचकर अर्पित की श्रधांजलि।
» सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष की पत्नी के देहांत पर नहीं पहुंचा कोई भी बड़ा कांग्रेसी।
» पूर्व विधायक के निधन उपरांत भतीजे द्वारा ब्रह्मभोज, श्रद्धांजलि व शांतिसभा का हुआ आयोजन।
» अपने पुर्व विधायक के श्रद्धांजलि व शांतिसभा में भाजपा के बड़े नेता हुए शरीक।
» जिले में होने के बावजूद 1 व 2 नंबर विधायक नहीं पहुंचे, निधन के 15 दिन बाद मिला समय तो औपचारिकता निभाने पहुंचे जिलाध्यक्ष के घर।

संवेदनशीलता मामले में यदि जिले की दो राष्ट्रीय पार्टियों की बात करें तो भाजपा अव्वल नजर आई और अपने पूर्व विधायक की मृत्यु पर बड़े भाजपा नेताओं ने भी अंतिम कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने नेता को अंतिम विदाई दी जहां केंद्रीय मंत्री से लेकर प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मंत्री व विधायक मौजूद रहे। पार्टी नेता को अंतिम विदाई देते समय भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने अपने कंधे पर भी उठाकर अपने नेता को विदाई दी जो अपने दल के नेता के प्रति सम्मान भरा पल रहा जो भावुक पल भी रहा,वहीं यदि सत्ताधारी दल कांग्रेस की बात की जाए तो अभी कुछ दिनों पहले ही कोरिया जिले के जिलाध्यक्ष की पत्नी का देहावसान हुआ और उनकी भी अंतिम विदाई हुई लेकिन कोई भी बड़ा कांग्रेस नेता इस दुख की घड़ी में जिलाध्यक्ष कांग्रेस के साथ खड़ा नहीं दिखा और न ही बाद में ही आकर जिलाध्यक्ष के गम में शरीक हुआ, अपने कोरिया जिले एवम एमसीबी जिला प्रवास पर पहुंचे कांग्रेस पार्टी के नेता एवम स्वास्थ्य मंत्री अम्बिकापुर विधायक ही केवल जिलाध्यक्ष कांग्रेस के गम में शरीक होने उनके निवास पर पहुंचे।

भाजपा में संवेदनशीलता अपनत्व अपने लोगों के प्रति कितना है और संस्कार किस कदर है इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्वयं केंद्रीय राज्यमंत्री पूर्व भाजपा विधायक की अंतिम यात्रा में शामिल देखीं गईं। भाजपा के पूर्व विधायक की मृत्यु उपरांत उनके शोक सभा एवम तेरहवीं कार्यक्रम में भी जिलेभर के नेता भाजपा के शामिल हुए और परिवार की ही भांति उपस्थित होकर पूर्व विधायक के परिवार का गम बांटते देखे गए। सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी में आपसी संवेदनशीलता पार्टी के लोगों के बीच ही अपनत्व की भावना बिल्कुल कमजोर हो चुकी है ऐसा कहना गलत नहीं होगा,वैसे सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अभी वर्तमान में अविभाजित कोरिया जिले के ही जिलाध्यक्ष हैं और एमसीबी जिले के लिए नए जिलाध्यक्ष की घोषणा नहीं हुई है बावजूद इसके एमसीबी जिले के कांग्रेस नेताओं को भी जिलाध्यक्ष के गम में उन्हें ढाढस बंधाते किसी नेता या पार्टी सदस्य को नहीं देखा गया।



## अपने पुर्व विधायक के श्रद्धांजलि व शांतिसभा में भाजपा के बड़े नेता हुए शरीक-

भाजपा नेता और? पूर्व विधायक मनेन्द्रगढ़ श्रद्धेय स्व.दीपक पटेल जी के श्रद्धांजलि सभा मे छत्तीसगढ़ के होनहार और प्रतिभावान नेतृत्व को अंतिम श्रद्धांजलि देने प्रदेशभर से भाजपा के दिग्गज नेताओं ने कार्यक्रम में शिरकत की। विगत दिनों अचानक तबीयत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराए जाने उपरांत स्वर्गीय दीपक पटेल जी का असायमिक निधन हो गया था। अपने विधानसभा कार्यकाल में सर्वोत्कृष्ट विधायक के पुरस्कार से लब्ध एवं क्षेत्र के कद्दावर, लोकप्रिय जननेता के निधन के समाचार से पूरा कोरिया जिला और भाजपा नेता स्तब्ध रह गए थे। छात्र राजनीति से जनसेवा की शुरुआत करने वाले स्वर्गीय श्री पटेल अंतिम समय तक जनसेवा एवं सक्रिय राजनीति में लगे रहे। प्रखर वक्ता और मुखर व्यक्तित्व के स्वामी स्वर्गीय श्री दीपक पटेल को अंतिम श्रद्धांजलि के लिए उनके भतीजे द्वारा भोज एवं शांति सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, भैयालाल राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, अनिल केशरवानी, बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, पूर्व विधायक चम्पादेवी पावले, श्यामबिहारी जायसवाल, मेजर अनिल सिंह, राजा पाण्डेय, देवेन्द्र पाण्डेय, जोगेश लम्बा, ज्योतिनंद दुबे, अखिलेश सोनी, भारत सिंह सिसोदिया, रामदयाल उइके, देवेन्द्र तिवारी, जमुना पाण्डेय, लक्ष्मण राजवाड़े, पंकज गुप्ता, राहुल सिंह, लखनलाल श्रीवास्तव, रामकृपाल साहू सहित भारी संख्या में सम्मानीय नागरिकगण उपस्थित थे।

## स्थानीय विधायक तो मौजूद रही पर जिले के दो विधायक को शायद समय नहीं मिला-

जिले का विभाजन भले ही हो गया हो पर अभी तक नवीन जिले का जिलाध्यक्ष नहीं चुना गया है अभी तक यह जिम्मेदारी कोरिया के जिलाध्यक्ष यानी कि नजीर अजहर के पास है तीनों विधानसभा के जिलाध्यक्ष आज भी नजीर अजहर माने जाते हैं ऐसे में विधायक अपने जिलाध्यक्ष के यहां शोक संवेदना जताने के लिए 2 विधायकों के पास शायद फुर्सत नहीं रही होगी जिस वजह से वह उनके पत्नी के निधन के वक्त मिट्टी कार्यक्रम में मौजूद ना हो सके, जब उन्हें समय मिला तो 10 से 15 दिन बाद है उनके घर पहुंचकर संवेदना तो जताई, पर संवेदना शायद औपचारिकता ही रह गई, कहीं न कहीं जिलाध्यक्ष मन में भी इस बात का मलाल होगा भले ही वह इस बात को कहें या ना कहें।

## 4 साल पहले टिकट पाने के लिए चौखट पर रहते थे खड़े-

यदि हम 4 साल पहले की बात करें तो यह दोनों विधायक पूरे समय जिलाध्यक्ष की चौखट पर टिकट पाने के लिए टिके रहते थे और कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव जीतने और कांग्रेस का जनाधार बढ़ाने की बात करते थे लेकिन उस मंशा के विपरीत आज जब जिला अध्यक्ष नजीर अजहर की श्रीमती जी का स्वर्गवास हो जाता है तो कांग्रेस के दोनों विधायक सहित जिले के अन्य पदाधिकारी उनके किसी भी कार्यक्रम में नहीं पहुंच पा रहे हैं जिस बात का मतलब कहीं ना कहीं अब जिला अध्यक्ष के मन में होने लगा है पर वह अपना दर्द बताएं तो बताएं कैसे कहीं ना कहीं उन्हें भी समझ में आ गया की टिकट पानी तक के लिए ही मेरी अहमियत थी टिकट मिलने के बाद शायद अहमियत मेरी भी खत्म हो गई हो।

# शिव ने विष्णु को सौंपी त्रिलोक की सत्ता, बैकुंठ चतुर्दशी पर महिलाओं ने किया दीपदान



- संवाददाता -
रामानुजगंज 07 नवंबर 2022
(घटती घटना)

नगर के कई मंदिरों में रविवार को बैंकुंठ चतुर्दशी पर भगवान विष्णु के चतुर्भुज स्वरूप की पूजा-आरती महिलाओं द्वारा बड़ी उत्साह के साथ की गई।

इसमें परंपरागत रूप से भगवान शिव द्व?ारा विष्णु को सृष्टि का भार (सत्ता) वापस सौंपने की रस्म संपन्न कराई गई। महिलाओं द्वारा भगवान शिव की प्रतिमा के गले में डली बिल्व पत्र की माला भगवान विष्णु को पहनाई गई। जबकि, विष्णु प्रतिमा से उतारी गई तुलसी की माला शिव प्रतिमा को पहनाई गई। शिव प्रतिमा से बिल्व पत्र की माला उतारकर शिव जी को पहनाई। शहर में महिलाओं व अन्य लोगों ने बैकुंठ चतुर्दशी को देव दिवाली के रूप में मनाते हुए मंदिरों एवं कन्हर नदी के किनारे जाकर दीपदान किया।

धर्म शास्त्र के अनुसार कि वर्षाकाल के चातुर्मास में भगवान विष्णु सृष्टि के संचालन का भार भगवान शिव के हाथों में सौंपकर राजा बलि के अतिथि बनकर पाताल लोक में वास करते हैं। देवउठनी एकादशी पर देवशक्ति जागृत होती है। इसके चार दिन बाद बैकुंठ चतुर्दशी पर भगवान शिव पुनः सृष्टि के संचालन का भार भगवान विष्णु को सौंप देते हैं।

# लखनपुर ईसाई आदिवासी महासभा ने 10 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -
लखनपुर , 07 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।



ईसाई आदिवासी महासभा प्रदेश संगठन के आह्वान पर नवल साय कुजुर सोमवार साय बरवा के नेतृत्व में ईसाई आदिवासी महासभा के सदस्यों ने 7 सितंबर दिन सोमवार की शाम लगभग 3:30 बजे अपने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर लखनपुर तहसील कार्यालय पहुंच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम एसडीएम श्रीमती शिवानी जयसवाल को ज्ञापन सौंपा गया है। ईसाई आदिवासी महासभा के सदस्य सोमार साय बरवा, नेवल साय कुजुर ने मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए बताया कि ईसाई आदिवासी महासभा के द्वारा पारंपरिक उरांव नृत्य महोत्सव का आयोजन 8 नवंबर दिन मंगलवार को अंबिकापुर पीजी कॉलेज ग्राउंड में किया गया था। जिसे लेकर कुछ संगठनों द्वारा विरोध किया जा रहा था जिसके बाद अंबिकापुर एसडीएम के द्वारा 30 अक्तूबर 2022 को स्थगन आदेश जारी कर आगामी आदेश तक कार्यक्रम पर रोक लगाई गई है। जिसे लेकर ईसाई आदिवासी महासभा में रोष व्याप्त है। छत्तीसगढ़ की एक प्रमुख जनजाति उरांव है उरांव जनजाति की बहुत बड़ी संख्या ईसाई धर्मावलंबी है जो पूर्वजों की संस्कृति विरासत को बदस्तूर संभाले हुए हैं उराव जनजाति के पारंपरिक नृत्य के संरक्षण संवर्धन उसको विश्व स्तर पर पहचान दिलाने नई पीढ़ी के प्रति जागरूकता एवं रुझान पैदा करने उन्हें हस्तांतरित करने के उद्देश्य से गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित करने के लिए ईसाई आदिवासी महासभा द्वारा 8 नवंबर को राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय अंबिकापुर खेल मैदान में पारंपरिक उत्सव का आयोजन किया गया था। पारंपरिक उरांव नृत्य महोत्सव को बहाल किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप मांग की गई है। मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की बात कही गई है। इस दौरान दीपचंद्र कुजुर, विपिन किंडो, रामलाल एक्का, अनिल लकड़ा ,अजीत किंडो, सुनील मींज, फिलिप केरकेट्टा, प्रदीप खेस ईस्ताह कुजूर, श्रीमती सुनीता एक्का, सुमित्रा खाखा, पुष्पा केरकेट्टा, अंजना बेक, नीलमणि टोप्पो, विजय टोप्पो, पीटर बेक, नेहरू केरकेट्टा, निर्मल कुजुर, ब्रमदेव एक्का, रीमिक्स कुजुर इलेक्सियूस बड़ा सहित बड़ी संख्या में ईसाई आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे।

# स्व. महेंद्र राजवाड़े अधिवक्ता स्मृति कैरम प्रतियोगिता के अनिल होंगे विशिष्ट अतिथि, विधायक को आमंत्रण पत्र में स्थान नहीं?

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 7 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।




अधिवक्ता संघ सांस्कृतिक एवम क्रीड़ा विभाग करा रहा आयोजन, कोरिया जिले में होना है आयोजन

कोरिया जिला अधिवक्ता संघ सांस्कृतिक एवम क्रीड़ा विभाग द्वारा 9 नवंबर 2022 को कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग विभाग जिला कोरिया के अध्यक्ष एवम पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बैकुंठपुर अनिल जायसवाल को बनया गया हैं जिस वजह से अच्छे-अच्छे नेताओ को यह बात हजम नहीं हो रही। अधिवक्ता महेंद्र राजवाड़े की स्मृति में कैरम प्रतियोगिता अयोजित की जा रही है जिनकी असामयिक मृत्यु हो गई थी। कैरम प्रतियोगिता में बैकुंठपुर विधायक को आमंत्रण पत्र में जगह नहीं मिला है और उन्हें किसी भी तरह से कार्यक्रम में अतिथि बतौर नहीं शामिल किया गया है। बैकुंठपुर विधायक को प्रतियोगिता में आमंत्रण पत्र में जगह नहीं मिलने को लेकर अब चर्चा यह भी है कि घटती लोकप्रियता इसकी वजह है और इसी वजह से उन्हें कार्यक्रम में अतिथि बतौर नहीं बुलाया गया है।

# राजस्व मंत्री ने मैकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन का किया लोकार्पण



- संवाददाता -
कोरबा, 07 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने घंटाघर में निगम के मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन का किया लोकार्पण एवं हरी झण्डी दिखाकर मशीन वाहन को स्वीपिंग कार्य हेतु रवाना किया द्ध इस मशीन का उपयोग शहर की सड़कों को धूल मुक्त करने के लिए निगम द्वारा किया जाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम के मौके पर महापौर राजकिशोर प्रसाद सहित निगम की एम.आई.सी.के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण उपस्थित थे।नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत 01 करोड़ 04 लाख रूपये की लागत से मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन का क्रय कर उसे निगम के सफाई संशाधनों के बेडे में शामिल किया गया है। कोरबा शहर की मुख्य सड़कों में धूल का प्रबंधन करने के दृष्ट से यह मशीन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी द्ध निगम द्वारा मशीन के संचालन एवं संधारण हेतु एजेंसी का चयन कर उक्त एजेंसी को यह कार्य सौपा गया है।घंटाघर स्थित मुख्य मार्ग पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन को लोकार्पित करते हुए उसे स्वच्छता कार्यो हेतु समर्पित किया द्ध इस मौके पर महापौर राजकिशोर प्रसाद भी उपस्थित थे। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने मशीन का लोकार्पण करते हुए उसका समुचित संचालन, संधारण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को मौके पर दिए। इस अवसर पर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण सुख सागर निर्मलकर, सुनीता राठौर, प्रदीप जायसवाल, पार्षद शैलेन्द्र सिंह पप्पी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, सा.जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, स्वच्छता पर्यवेक्षक रामप्रसाद मिर्री, अजित कुमार परमहंस, रामप्रसाद जायसवाल, रामकुमार सिंह राठौर, शशि अग्रवाल, लक्ष्मी महंत, गीता महंत, माधुरी ध्रुव, कुसुम साहू, सकुन महंत, शकीला बेगम, सीमा तिवारी, चन्द्रवती साहू, सावित्री कर्ष आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित

# महिला एवं बाल विकास विभाग में अफसरों की कमी से विभागीय कार्यों के मॉनिटरिंग में पड़ रहा असर

- संवाददाता -
कोरबा, 07 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

आदिवासी बाहुल्य कोरबा जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग इन दिनों अधिकारियों के अभाव में सफर कर रहा है। पिछले एक पखवाड़े से अधिक समय से परियोजना अधिकारियों के 50 फीसदी पद रिक्त हैं। 10 परियोजना में से 5 परियोजना कोरबा ग्रामीण ,बरपाली ,कोरबा शहरी, पोंडी ,एवं हरदीबाजार परियोजना अधिकारी के बिना संचालित हो रहे। यही नहीं 31 अक्टूबर को डीपीओ के सेवानिवृत्त होने के उपरांत नए डीपीओ की हफ्ते भर बाद भी पोस्टिंग नहीं हो सकी। जिसकी वजह से विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में ढिलाई दिखने लगी है। बात करें परियोजना अधिकारियों की तो जिले में संचालित 10 परियोजना ,बरपाली ,कोरबा ग्रामीण ,कोरबा शहरी ,हरदीबाजार एवं पोंडी परियोजना अधिकारी विहीन हैं । 27 सितम्बर को जारी किए गए स्थानातंरण आदेश के तहत हरदीबाजार परियोजना अधिकारी कौशलेश देवांगन का गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर परियोजना तो कोरबा ग्रामीण के परियोजना अधिकारी विकास सिंह का जांजगीर -चाम्पा जिले के नवागढ़ परियोजना अधिकारी के पद पर स्थानातंरण हो चुका है। पोंडी उपरोड़ा ,बरपाली के परियोजना अधिकारी सितम्बर माह में ही सेवानिवृत हो चुके हैं। तो वहीं कोरबा शहरी परियोजना अधिकारी का पद भी



पिछले 3 माह से रिक्त है। बालोद जिले के बालोद परियोजना अधिकारी की नवीन पदस्थापना बरपाली तो मुंगेली के परियोजना अधिकारी बजरंग सांडे की पदस्थापना कोरबा शहरी परियोजना अधिकारी के पद पर नवीन पदस्थापना की गई है। लेकिन दोनों ही अधिकारियों ने निर्धारित 15 दिवस की मियाद में नवीन पदस्थापना स्थल में जॉइनिंग नहीं दी।विश्वस्त सूत्रों के अनुसार बरपाली में पदभार ग्रहण करने से पूर्व सीडीपीओ बालोद का स्थानांतरण आदेश संसोधन कर उन्हें जगदलपुर पोस्टिंग दे दी गई है ,वहीं कोरबा शहरी में बजरंग सांडे पदभार ग्रहण करने में रुचि नहीं दिखा रहे। इसका असर कामकाज पर पड़ रहा।परियोजना अधिकारियों का पद रिक्त होने से वर्तमान पदस्थ परियोजना अधिकारियों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। करतला के परियोजना अधिकारी रागिनी बैस को बरपाली का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पोड़ी का प्रभार पसान परियोजना अधिकारी निशा कंवर,हरदीबाजार का अतिरिक्त प्रभार परियोजना अधिकारी पाली दीप्ति पटेल को दिया गया है। कोरबा शहरी एवं कोरबा ग्रामीण का अतिरिक्त प्रभार जिला महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी गजेंद्र देव सिंह को दिया गया है।जिला कार्यक्रम अधिकारी का पद भी हफ्ते भर से रिक्त पड़ा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री एम डी नायक 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। लेकिन उनकी जगह आज पर्यन्त शासन स्तर से नए डीपीओ को पोस्टिंग नहीं हो सकी। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार कोरबा के लिए दावेदारी चल रही। इनमें प्रमुख नाम कोरिया डीपीओ प्रीति खोखर चखियार का चल रहा । वे करीब एक दशक पूर्व कोरबा में बतौर डीपीओ डेढ़ साल तक उल्लेखनीय सेवाएं दे चुकी हैं। दूसरा नाम धमतरी डीपीओ जगरानी एक्का का चल रहा। कोरबा में डीपीओ रह चुकीं विभागीय प्रशिक्षण केंद्र जगदलपुर में पदस्थ रेनु प्रकाश एवं रायगढ़ के चर्चित डीपीओ टिकवेंद्र जाटवर भी इस सूची में शामिल थे। अब देखना है विभाग इनमें से किसके नाम पर मुहर लगाती है। सीडीपीओ ,डीपीओ की गैरमौजूदगी का असर जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग में पड़ रहा असर। आंगनबाड़ी केंद्रों की भी सतत मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही। पोंडी परियोजना में पदस्थ नवीन कार्यकर्ताओं को विभागीय प्रशिक्षण नहीं कराने की वजह से 4 माह से वेतन का एक सिक्का नहीं मिला। वहीं हाल ही में कोरबा ग्रामीण के सलिहाभांठा के आंगनबाड़ी केंद्र के एक बच्चे की आकस्मिक मौत हो गई थी। परिजनों ने गंभीर आरोप भी लगाए थे, लेकिन जिम्मेदारों को जांच के लिए फुर्सत नहीं मिल रही।

# तृतीय लिंग समुदाय को महिला,पुरुष वर्ग के समान ही समस्त संवैधानिक मौलिक अधिकार प्राप्त हैं: त्रिलोक बंसल

## तृतीय लिंग के लिए अशोभनीय शब्दों का प्रयोग नहीं होना चाहिए: सुश्री विद्या राजपूत

### उभय लिंगी व्यक्ति के अधिकार एवं संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन।

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 7 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल के मुख्य आतिथ्य में जिला कोरिया एवं मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में उभयलिंगी व्यक्ति के अधिकार एवं संरक्षण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को रक्षित केंद्र बैकुंठपुर के कांफ्रेंस हाल में किया गया। जिला कोरिया ट्रांसजेंडर संघ की अध्यक्ष सुश्री सानू खान अपने साथियों के साथ कार्यशाला में उपस्थित रहीं जिन्होंने बताया कि हमारे यहां की पुलिस का साथ एवं सहयोग हमको निरंतर मिल रहा है। उक्त कार्यशाला के दौरान अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मनेंद्रगढ़ राकेश कुर्रे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बैकुंठपुर श्याम मधुकर, डीएसपी अजाक नेल्सन कुजुर के साथ जिला कोरिया एवं मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए थाना, चौकी/







सहायता केंद्र, रक्षित निरीक्षक, यातायात एवं साइबर सेल प्रभारी के साथ पुलिस के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला कोरिया ट्रांसजेंडर संघ की अध्यक्ष सुश्री सानू खान अपने साथियों के साथ कार्यशाला में उपस्थित रहीं जिन्होंने बताया कि हमारे यहां की पुलिस का साथ एवं सहयोग हमको निरंतर मिल रहा है।

### तृतीय लिंग समुदाय को महिला, पुरुष वर्ग के समान ही समस्त संवैधानिक मौलिक अधिकार प्राप्त

कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने अपने उद्बोधन में कहा कि तृतीय लिंग समुदाय को महिला, पुरुष वर्ग के समान ही समस्त संवैधानिक मौलिक अधिकार प्राप्त हैं, समाज में तृतीय लिंग के सदस्यों को मान्यता देते हुए महिला, पुरुष के समान ही उनके समस्त मौलिक अधिकार संरक्षित रखना आवश्यक है। थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा की यदि तृतीय लिंग का सदस्य प्रार्थी अथवा आरोपी किसी भी रूप में थाने में आए तो उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव ना रखा जावे एवं उन्हें समाज का एक अभिन्न अंग मानते हुए व्यवहार किया जावे। कोरिया पुलिस द्वारा संचालित समर्थ अभियान सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत ट्रांसजेंडर के हितों के संरक्षण हेतु व्यापक अभियान चलाया जावे ताकि इस समुदाय को यह महसूस हो कि वह भी समाज के अंग हैं और उन्हें समाज में पूरा सम्मान एवं जगह प्राप्त है।

### तृतीय लिंग के लिए अशोभनीय शब्दों का प्रयोग नहीं होना चाहिए

कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में तृतीय लिंग कल्याण बोर्ड की सदस्य सुश्री विद्या राजपूत ने दैनिक जीवन निर्वहन के दौरान तृतीय लिंग को आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके हितों के संरक्षण हेतु कहा कि धारा 377 विशिष्ट रूप से लैंगिक उत्पीड़न के साथ जुड़ी हुई धारा है जिसका दुरुपयोग कर अक्सर तृतीय लिंग के व्यक्तियों के विरुद्ध प्रताड़ना अथवा शारीरिक शोषण का मामला दर्ज कराया जाता है, तृतीय लिंग के लोगों के विरुद्ध इस धारा का दुरुपयोग ना हो यह सुनिश्चित किया जावे। ट्रांसजेंडर को संबोधित होने वाले नाम छक्का, मामू व हिजड़ा जैसे अशोभनीय शब्दों का प्रयोग नहीं किया जावे।

### उच्चतम न्यायालय ने तृतीय लिंग के अधिकारों के संरक्षण हेतु धारा 18 के तहत विविध कानूनी संरक्षण प्रदान किए हैं

तृतीय लिंग कल्याण बोर्ड की सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि सुश्री रवीना बरिहा ने तृतीय लिंग के ऊपर होने वाले अपराध एवं उसमें निहित दंड से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय ने तृतीय लिंग के अधिकारों के संरक्षण हेतु धारा 18 के तहत विविध कानूनी संरक्षण प्रदान किए हैं, जिसके अंतर्गत किसी ट्रांसजेंडर को जीवन सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, निवास एवं नियोजन जैसे अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता है, सभी प्रकार के सार्वजनिक जगह में जाने एवं उपयोग करने का पूर्ण अधिकार है एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति को घर गांव या अन्य किसी भी प्रकार के सार्वजनिक स्थल को छोड़ने हेतु मजबूर नहीं किया जा सकता, साथ ही शारीरिक मानसिक एवं भावनात्मक रूप से इन्हें प्रताड़ित नहीं किया जा सकता है।

### थर्ड जेंडर के लिए समाज में जागरूकता जरुरी

मितवा संकल्प समिति रायपुर के सदस्य देव जी ने एक ट्रांसजेंडर की पूरी जीवन दास्तां का विस्तार पूर्वक वर्णन किया एवं बताया कि समाज में किस तरह से उनके साथ बर्ताव होता था कई अवसरों एवं स्थानों पर उन्हें थर्ड जेंडर होने के नाते अपमानित होना पड़ता रहा परंतु समाज में अब जागरूकता का संचार हो रहा है जिससे कि तृतीय लिंग भी सम्मान के साथ अपना जीवन यापन करने की राह पर अग्रसर हो रहे हैं।

### उभय लिंगी व्यक्ति के अधिकार एवं संरक्षण हेतु हम निरंतर सजग रहे हैं

कार्यक्रम में अतिरिक्त अधीक्षक कोरिया रोहित कुमार झा ने कहा की उभय लिंगी व्यक्ति के अधिकार एवं संरक्षण हेतु हम निरंतर सजग हैं, अगर किसी भी प्रकार से किसी ट्रांसजेंडर के अधिकारों का हनन होता है तो विधिवत सख्त कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

## कृषि विभाग द्वारा जनचौपाल के 11 आवेदनों का किया गया निराकरण

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 07 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

हर मंगलवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनचौपाल में कृषि विभाग द्वारा अब तक 11 आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया गया है। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के द्वारा जनचौपाल के सभी आवेदनों को समय पर निराकृत करने के निर्देश दिए गए है।

कृषि विभाग द्वारा जनचौपाल के आवेदनों के निराकरण अंतर्गत तहसील दरिमा के ग्राम बेलखरीखा निवासी श्रीमती सीमा यादव के ससुर जो कारागार में निरूद्ध होने कारण बैंक खाता का ई-केवायसी पूर्ण नहीं हो पा रहा था जिसके कारण किसान सम्मान निधि की राशि बैंक खाते में जमा नहीं हो रहा थ् श्रीमती सीमा यादव ने अपने आवेदन में बताया है कि उनके ससुर के नाम से ग्राम बेलख़रीखा में कृषि भूमि है तथा लखनपुर के छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक में बचत खाता है। उनके ससुर के केंद्रीय कारागार अम्बिकापुर में निरूद्ध होने के कारण बैंक का ई-केवायसी नहीं हो पा रहा था। कलेक्टर के निर्देश पर जेल एवं कृषि विभाग के सहयोग से ई-केवायसी पूर्ण कराया गया जिससे सम्मान निधि की राशि बैंक खाते में जमा हो गई। इसी प्रकार लखनपुर तहसील के ग्राम जनकपुर निवासी किसान श्री सुधीर ने जनचौपाल में प्रधानमंत्री सम्मान निधि का लाभ दिलाने की मांग की थी।

## हर समस्याओं का हल ज्ञान योग मंडल-बजरंग मुनि



- संवाददाता -
रामानुजगंज 07 नवंबर 20-22
(घटती घटना)

जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत लोधा में ज्ञान यज्ञ परिवार के द्वारा आयोजित आम सभा को संबोधित करते हुए बजरंग मोदी ने कहां की सभी समस्याओं का हल ज्ञान यज्ञ मंडल उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक युग में यह पूरा सामान एकांकी होते जा रहा है इसीलिए ज्ञानयज्ञ परिवार चाहता है कि सारे लोग इकट्ठे होकर एक जगह बैठना प्रारंभ करें तभी हम लोग गांव की सामाजिक व्यवस्था को सुधार सकते हैं क्योंकि सामाजिक व्यवस्था यदि सुधर जाता है तो सारी व्यवस्था अपने आप सुधारना शुरू हो जाएगा। श्री मुनि जी ने कहा है कि ऋषिकेश और हरिद्वार में बड़े संतो ने हमें जिम्मेदारी दी है कि मैं गांव की समस्याओं को भक्ति मार्ग से ठीक कर सकता हूं तथा इसके लिए यज्ञ परंपरा को पुनर्जीवित कर समाज को एकजुट किया जा रहा है। इस अवसर पर मोहन गुप्ता भंवर सिंह राजेश प्रजापति मेहीलाल राजाराम गुप्ता आयाम राजकुमार शुभेंदु महापात्र बजरंग गुप्ता प्रमोद केसरी ज्ञानेंद्र आर्य मंगल प्रसाद सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

**बूढ़ा पहाड़ से आईईडी सिलेंडर, बम, गोला-बारूद बरामद**

**रामानुजगंज 07 नवम्बर 2022 (घटती घटना)** जिले के बूढ़ा पहाड़ में सर्चिंग के दौरान नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकम करते हुए जवानों को सफलता हासिल हुई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर सीआरपीएफ के सर्च अभियान के दौरान बूढ़ा पहाड़ से बड़ी संख्या में आईईडी सिलेंडर, बम, गोला-बारूद के अलावा माओवादियों को उपयोग आने वाली सामग्री बरामद की गई हैं। वहीं अभियान में छत्तीसगढ़ व झारखंड पुलिस के साथ-साथ सीआरपीएफ की टीमें भी बीते कई दिनों से काम कर रही थी। सर्चिंग के दौरान बूढ़ा पहाड़ के समीप माओवादियों द्वारा इस्तेमाल के लिए रखे गए लगभग एक सौ से अधिक आईईडी सिलेंडर के साथ-साथ बड़ी संख्या में गोला-बारूद बरामद करने में सफलता मिली यही नहीं साथ में माओवादी सामग्री भी बरामद किया गया है।

## जिले की खराब सड़को को ठीक करने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल के नाम सौपा ज्ञापन



- संवाददाता -
कुसमी, 07 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयो ने जिले भर को विभिन्न सड़की की खराब स्थिति को ठीक करने की मांग एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौपकर की है, दरसल आम आदमी पार्टी के लोगो का ज्ञापन के जरिये ध्यानाआकर्षित कराया गया है कि बलरामपुर जिला एक आदिवसी बाहुल्य पिछड़ा हुआ जिला है इस जिले से झारखंड यूपी मध्यप्रदेश तक लोगो का आना जाना सड़क के माध्यम से होता है और अभी की स्थिति ज्यादातर सड़को की हालत खराब है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इस जिले की मुख्य सड़क एन एच 343 की स्थिति भी काफी खराब है साथ ही अम्बिकापुर कुसमी करौंधा ,कुसमी जशपुर ,कुसमी भुलसीकला डीपाडीह मार्ग ,कुसमी चांदो बलरामपुर मार्ग वाड्रफनगर बलंगी बेढंन मार्ग सहित कई मागो की स्थिति काफी खराब हो चुकी है यहां की सड़कों पर यात्रा करने के लिये लोगो को जान जोखिम में डाल कर करना पड़ता ,आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन के जरिये प्रदेश सरकार पर आरोप भी लगाया है कि सरकार सिर्फ घोषणा करके ढोल पिटती है धरातल पर सब भर्ष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है,ज्ञापन के जरिये राज्यपाल से आम आदमी पार्टी के लोगो ने जिले की खराब सड़कों की जाँच कराने के साथ खराब सड़क एवं पुल पुलियों को जल्द बनवाने की मांग करी है,ज्ञापन सौपने के कार्यक्रम में इंद्रदेव नाग, शकील अंसारी,मो0 खालिद,उस्मान अंसारी,आसिफ अंसारी,वीरेन्द्र बुनकर सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुये।



## नेहरू युवा केंद्र संगठन के द्वारा स्कूल, आंगनबाड़ी व दर्शनीय स्थलों की सफाई की गई

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 7 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

जिले के सभी ब्लॉकों में नेहरू युवा केंद्र संगठन के वालंटियर द्वारा यूनिसेफ के साथ मिलकर जिला युवा अधिकारी पवन कुमार के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सभी 5 ब्लॉक के वालंटियर अपने फोकस 5-5 गांव में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वहां के स्कूल आंगनबाड़ी सार्वजनिक स्थल दर्शनीय स्थल की साफ सफाई कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले 5 दिनों में नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा 42 गांव के अलग-अलग स्थानों में सफाई की गई। ग्रामीण एवं युवाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की के साथ ही उन्हें मास्क, टोपी, हैंड ग्लव्स, कचरा संग्रहण के लिए पॉलीबैग का वितरण किया जा रहा है। यूनिसेफ द्वारा संचालित स्वच्छता कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला युवा अधिकारी ब्लॉक वालंटियर के साथ ही सभी गांव में बनाए गए युवा मंडल युक्ति मंडल के सदस्य सरपंच पंच ग्राम वासी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं एवं समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूक लाने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र बैकुंठपुर के एमटीएस राजीव साहू, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चंद्र केश्वर, विवेक, फूल कुमार, अंकिता, हरि ओम, विजय, अजीत, सीता, प्रवीण,गौसिया, गांव में गांव में जाकर स्वच्छता अभियान करा रहे हैं।

## कोरिया के धान खरीदी केंद्रों मैं निगरानी करेगी भाजपा की निगरानी समिति



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 7 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार कोरिया जिला धान खरीदी केंद्र में किसानों की सुविधा के लिए भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जयसवाल जी के द्वारा निगरानी समिति बनाई गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा एवं सहकारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को निगरानी समिति में प्रभारी एवं सह प्रभारी बनाया गया जिसकी सूची जारी की गई भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद साहू एवं सरकारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पितांबर गुप्ता जी ने निगरानी समिति के माध्यम से किसानों को धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी में निगरानी समिति के प्रभारियों सह प्रभारियों द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाएगा जिससे किसानों को हो रही दिक्कत है सुलझाने में प्रशासन के साथ बातचीत करके त्वरित निवारण हेतु उक्त समिति कार्य करेगी तथा प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर निगरानी समिति धान खरीदी प्रक्रिया मैं पूरी मुस्तैदी के साथ किसानों के साथ खड़ी रहेगी भारतीय जनता पार्टी हमेशा किसानों के साथ किसानों के लिए उनकी हक की लड़ाई हमेशा लड़ती रही है आगे भी उक्त निगरानी समिति पूरे धान खरीदी के दौरान खरीदी केंद्रों में सूक्ष्म निरीक्षण करती रहेगी।


**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/जीएम/बीएसपीआर/भू0रा0/रोजगार/2022/937 दिनांक 28.10.2022

**सूचना**

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अर्न्तगत अमेरा ओपनकास्ट परियोजना हेतु ग्रामः अमेरा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा (छ0ग0) के भूमिस्वामी द्वारा भूमि अधिग्रहण के एवज में भूमिस्वामी/आश्रितों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है तथा एसईसीएल द्वारा नियमानुसार कोल इंडिया पुर्नवास नीति 2012 की क्लबिंग कान्सेप्ट के तहत् निम्नलिखित व्यक्ति का रोजगार प्रकरण निराकरण हेतु विचाराधीन है:–

| क्र0 | भूमिस्वामी का नाम, पिता का नाम, ग्राम, खसरा, रकबा (हे0 में), जाति एवं वर्ग। | रोजगार एवं प्रस्तावित व्यक्ति का नाम, संबंध, जाति, वर्ग एवं जन्म तिथि | दस्तावेज | नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | कुन्ता राम आ0 चन्द्र साय, तुलसी राम आ0 चन्द्रसाय खसरा व रकबा हे. में– 89–0.769, 624/1–0.231 कुल रकबा 1 हे0 (2.471 एकड़) जाति–गोंड़ (आदिवासी) | 1.विनय सिंह आ0 तुलसी राम जन्म तिथि– 05.06.1978 सम्बंध– पुत्र जाति– गोंड़ (आदिवासी) | 1.आधार कार्ड | 1.विनय सिंह आ0 तुलसी राम |
| | | | 2.मतदाता परिचय पत्र | 1.विनय सिंह आर्मो आ0 तुलसी राम आर्मो |
| | | | 3.शिक्षा प्रमाण पत्र | 1.बिनय सिंह आ0 तुलसी राम |
| | | | 4.रोजगार पंजीयन | 1.विनय सिंह आ0 तुलसी राम |
| | | | 5.जाति प्रमाण पत्र | 1.विनय सिंह आ0 तुलसी राम |
| | | | 6.निवास प्रमाण पत्र | 1.विनय सिंह आ0 तुलसी राम |
| | | | 7.वंशवृक्ष | 1.विनय सिंह आ0 तुलसी राम |
| | | | 8.राशन कार्ड | 1.विनय सिंह |

अतः किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति मान्य नही होगा और न ही स्वीकार किया जायेगा। यह भी कि पूर्व प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर ही प्रकरण का नियमानुसार निराकरण कर दिया जायेगा।

क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक,बिश्रामपुर क्षेत्र

जी-नंबर-34517/3



**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02 जिला सरगुजा,छ0ग0**

रा0प्र0क्र0-.../अ-6/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राम प्रवेश सिंह आ0 स्व0 दुखी राम, व अन्य 02, निवासी दर्रीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सकालो स्थित भूमि खसरा नंबर 1416,1419,1422 रकबा क्रमशः 0.590, 0.540 0.210 हे0 कुल खसरा नंबर 03, कुल रकबा 1.340 हे0 के राजस्व अभिलेखों में से खातेदार दुखी राम आ0 भगतु की मृत्यु होने के कारण वैध उत्तराधिकारी के आधार पर आवेदकगण के नाम पर फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो पेशी दिनांक 07/12/2022 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोईविचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 31/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202210020700182**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
मणीपुर प.ह.न. 00022 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-रूपन साय किन्डो ,
अनावेदक पक्षकार- कोई नहीं,

**ईश्तहार**

आवेदक रूपन किन्डो आ0 नन्दराम किन्डो, निवासी ग्राम ढ़ोढागांव, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम मणीपुर , तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 158/3 रकबा 0.040 हे0 भूमि को भवन निर्माण ऋण के लिए भूमि बंधक रखने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11/11/2022 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/10/2022 को जारी किया जाता है।

सील — तहसील सरगुजा (अम्बिकापुर)



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) भैयाथान, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0.../अ-2/2021-22

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद कुप्या को सूचित किया जाता है कि श्री प्रवीण कुमार गुर्जर पिता/श्री ललीत गुर्जर निवासी कुप्या के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 117/1 रकबा 0.34 में से 0.04 हे0 जो ग्राम कुप्या प.ह.नं. 16 रा0नि0मं0 ओडगी तहसील ओडगी जिला-सूरजपुर में स्थित है, के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका निगम क्षे0 कुप्या के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 18/11/2022 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मुद्रा से जारी किया गया है। मेरे हस्ताक्षर से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) रामानुजनगर, जिला सूरजपुर (छ0ग0)



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202210020700177**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
सुभाषनगर प.ह.न. 00017 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-अरूणांशु ,
अनावेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक अरूणांशु आ0 रामचन्द्र, निवासी ग्राम सुभाषनगर,अम्बिकापुर,तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुभाषनगर, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 292,296 रकबा क्रमशः 3.00,4.00 एकड़ कुल खसरा नंबर 2 कुल रकबा 7.00 एकड़ भूमि बंदोबस्त के दौरान नया खसरा नंबर 138 रकबा 2.61 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में रकबा 7.00 एकड़ के स्थान पर रकबा 2.61 हे0 दर्ज कर दिया गया है, जिसे सुधार कर रकबा 2.61 हे0 के स्थान पर रकबा 7.00 एकड़ दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र श्रीमान् न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0), अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है जो जॉच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्रस्तुत हुआ है।उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18/11/2022 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/10/2022 को जारी किया जाता है।

सील — तहसील सरगुजा (अम्बिकापुर)

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# सबालेंका ने स्वियातेक को हराया

### फाइनल में गर्सिया से भिड़ेगी



**स्वीटजरलैंड,07 नवम्बर 2022।** आर्यना सबालेंका नेआर्यना सबालेंका ने शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक के चोटी की 10 खिलाड़ियों के खिलाफ 15 मैचों से चले आ रहे विजय अभियान पर रोक लगाकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने तीन सेट तक चले मुकाबले में स्वियातेक को 6-2, 2-6, 6-1 से हराया। फाइनल में सबालेंका का सामना कैरोलिन गार्सिया से होगा, जिन्होंने मारिया सक्कारी को 6-3, 6-2 से हराया। सबालेंका सत्र की अंतिम प्रतियोगिता का खिताब जीतने वाली दूसरी फ्रांसीसी खिलाड़ी बनने की कवायद में हैं

फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन चैंपियन स्वियातेक के पास लगातार सर्वाधिक बार शीर्ष 10 खिलाड़ियों को हराने के स्टैफी ग्राफ के रिकॉर्ड की बराबरी करने का मौका था। ग्राफ ने 1987 में चोटी की 10 खिलाड़ियों पर लगातार 17 मैच जीते थे। युगल में मौजूदा चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा और कटरीना सिनियाकोवा ने भी ल्यूडमिला किचेनोक और जेलेना ओस्टापेंको को 7-6 (5), 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## परेरा की गोल की मदद से पीएसजी ने लोरिएंट को 2-1 से हराया

**पेरिस,07 नवंबर 2022।** डिफेंडर डैनिलो परेरा के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ने लोरिएंट को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में अपनी मजबूत बढ़त कायम रखी।

परेरा ने खेल के 81वें मिनट में नेमार की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल किया। नेमार ने नौवें मिनट में पीएसजी के लिए पहला गोल किया था। इस जीत से पीएसजी ने दूसरे स्थान पर काबिज लेंस पर पांच अंकों की बढ़त बरकरार रखी।

लियोनेल मेसी को पांव में दर्द के कारण इस मैच में विश्राम दिया गया था। विश्व कप की तैयारियों में जुटा अर्जेंटीना के इस स्टार खिलाड़ी के अगले सप्ताह से अभ्यास शुरू करने की संभावना है।

अन्य मैचों में तीसरे स्थान पर काबिज रेने ने लिली के साथ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि चौथे स्थान की टीम मार्सिली ने लियोन को 1-0 से हराया।

## सेमीफाइनल में हासिल करनी है जीत तो

# भारत को इन पांच चुनौतियों से निपटना होगा

**मेलबर्न, 07 नवम्बर 2022।**टी20 विश्व कप का खुमार लगातार देखने को मिल रहा है। 2021 के खराब प्रदर्शन को भुलाकर भारतीय टीम ने इस बार टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सुपर 12 के पांच मुकाबलों में से टीम इंडिया ने 4 में जीत हासिल की थी और ग्रुप 2 में टॉप पर रही थी। ग्रुप 2 से भारत के अलावा पाकिस्तान ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है। भारत का सेमी फाइनल मुकाबला 10 नवंबर को एडिलेड में इंग्लैंड से होगा। इंग्लैंड की टीम ग्रुप-ए में दूसरे स्थान पर रही थी। ऐसे में क्रिकेट फैंस को उम्मीद है कि इंग्लैंड को हराकर भारतीय टीम फाइनल में जगह पक्का करेगी। लेकिन इसके लिए भारतीय टीम को कुछ चुनौतियों से निपटना होगा।

रोहित शर्मा का खराब फॉर्म- वर्तमान में देखें तो भारत के दिग्गज बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। 5 मुकाबलों में उन्होंने सिर्फ नीदरलैंड के खिलाफ एक अर्धशतक जमाया था। दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, जिंबाब्वे और पाकिस्तान के खिलाफ कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। ऐसे में अगर सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराना है तो रोहित शर्मा का फॉर्म में वापसी करना बेहद जरूरी है।

### इंग्लैंड की गेंदबाजी बड़ी चुनौती

वैसे देखे तो इंग्लैंड के गेंदबाजों में फिलहाल कोई बड़ा नाम तो नहीं है। लेकिन अनुकूल परिस्थितियों के बीच वहां के गेंदबाज भारत के बल्लेबाजों के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। इंग्लैंड के मार्ग वूड भारत के लिए सिरदर्द साबित



होंगे। उनकी पेस और गेंदबाजी वेरिएशन बल्लेबाजों को परेशान कर सकती है। इसके अलावा क्रिस वोक्स और सैम करन भी अच्छे फॉर्म में हैं। ऑस्ट्रेलिया की पिच पर इन गेंदबाजों को अच्छा लय प्राप्त हो रहा है।

सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली से खत्म हो निर्भरता- भारतीय टीम फिलहाल सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली पर ज्यादा निर्भर कर रही है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि दोनों ही बल्लेबाजों का बल्ला ञ्20 विश्वकप में खूब बोल रहा है। कुछ मुकाबलों में केएल राहुल में भी बल्ले से कमाल किया है। लेकिन अभी भी हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक मिडिल ऑर्डर में अपने बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। ऐसे में इन्हें मिडिल आर्डर को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभानी होगी।

गेंदबाजी में काम- सुपर 12 के बड़े मुकाबलों में भारतीय गेंदबाजी कमजोर नजर आई है। इतना ही नहीं, बांग्लादेश और नीदरलैंड के खिलाफ भी भारतीय गेंदबाजी का दम कुछ कम नजर आया। इंग्लैंड के बल्लेबाज अच्छे फॉर्म में हैं। ऐसे में भारतीय गेंदबाजों को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी। अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी तेज गेंदबाज के रूप में लगातार टीम में खेल रहे हैं। कप्तान रोहित शर्मा भी इन पर भरोसा कर रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने होंगे। इतना ही नहीं, बीच के ओवरों में स्पिनर्स पर भी दारोमदार ज्यादा रहता है। ऐसे में आर अश्विन और अक्षर पटेल को भी अच्छा करना होगा।

क्षेत्ररक्षण- भारत की फील्डिंग इस बार टी20 विश्व कप में कुछ खास नहीं रही है। भारत की ओर से अच्छी फील्डिंग की जरूरत है। बड़े मुकाबलों में 1-1 रन बचाना सबसे ज्यादा जरूरी होता है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में सीनियर खिलाड़ियों ने भी फील्डिंग में कई गलतियां की थी। ऐसे में बड़े मुकाबले में यह गलतियां टीम को नुकसान पहुंचा सकती है।

# अक्षर को बनाए रखना या चहल को लाना; इंग्लैंड टेस्ट के लिए भारत की बड़ी दुविधा

**मेलबर्न, 07 नवम्बर 2022।** भारत ने यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में अपने अंतिम राउंड रॉबिन मुकाबले में जिम्बाब्वे को 71 रनों के बड़े अंतर से हराकर आईसीसी मेन्स टी20 विश्व कप के ग्रुप 2 सुपर 12 लीग में कल रात शीर्ष पर पहुंच गया। क्रिकेट के शोपीस टी20 प्रतियोगिता क सेमीफाइनल में प्रवेश लीग चरण में कुछ असंगत या उससे भी कम प्रदर्शन के साथ हुआ था।इस तरह की किसी भी प्रतियोगिता में ऐसा परिदृश्य खुद को प्रस्तुत करता है, कुछ सदस्यों से आने वाले शीर्ष प्रदर्शन और कुछ अन्य से उत्पन्न होने वाले औसत प्रदर्शन। विराट कोहली, अभी भी टूर्नामेंट के अग्रणी स्कोरर हैं, जिसमें उनकी टीम ने पांच मैचों में 246 रन बनाए थे।सूर्यकुमार यादव, जिन्होंने इस कैलेंडर वर्ष में 1200 से अधिक रन बनाए हैं और खेल के इस प्रारूप में नंबर एक वैश्विक रैंकिंग में भी छलांग लगाई है, 223 के टैली के साथ रन-स्कोरर्स की सूची में शीर्ष की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।इस टूर्नामेंट में उनका आउट-ऑफ-द-बॉक्स स्ट्रोक-प्ले, जिसमें उन्होंने कुछ पहले देखे गए और कुछ ने दुस्साहसी स्ट्रोक नहीं देखे हैं, ने उन्हें तीन अर्धशतक भी दिलाए हैं, जिसमें उन्होंने 25 गेंदों में नाबाद 61 रनों की शानदार पारी खेली है। कल रात एमसीजी में 82,000 से अधिक दर्शकों के सामने। ये दोनों कोहली और सूर्य यादव भारत के लिए बल्ले से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। गेंदबाजी में, तेज गेंदबाजों ने अपने लिए अधिक अनुकूल परिस्थितियों में शो पर हावी होने की उम्मीद की है। बाएं हाथ के गेंदबाज अर्शदीप सिंह विकेट लेने वालों की सूची में भारतीय टीम में शीर्ष पर हैं, 10 नवंबर को एडिलेड ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में जाने वाले 5 मैचों के 10 पीड़ितों के साथ। सूची में अगला है हार्दिक पांड्या ने रविवार रात जिम्बाब्वे के खिलाफ 16 रन देकर 2 विकेट लिए।भारतीय स्पिनरों में सबसे अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 22 विकेट पर 3 रनों के प्रभावशाली आंकड़े के बाद 6 विकेट हासिल किए हैं।श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा (क्वालीफाइंग दौर सहित 15 विकेट जिसमें भारत ने हिस्सा नहीं लिया) को छोड़कर, यहां ठंड की स्थिति में मुश्किल हो रही है। अश्विन ने यहां मिश्रित क्षेत्र में संवाददाताओं से कहा कि रोशनी में गेंद बल्ले पर स्किड हुई है और धीमे गेंदबाजों के लिए ज्यादा खरीदारी नहीं हुई है।



### टी 20 विश्व कप

## चोटिल डेविड मलान का भारत के खिलाफ सेमीफाइनल खेलना संदिग्ध



**ब्रिसबेन, 07 नवम्बर 2022।**उपकप्तान मोईन अली ने कहा कि मलान की चोट ठीक नहीं है। उन्होंने कहा ,'' वह बड़ा खिलाड़ी है और लंबे समय से खेल रहा है। वह हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से है लेकिन उसकी चोट ठीक नहीं लग रही।'

इंग्लैंड के बल्लेबाज डेविड मलान का चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में खेलना संदिग्ध है। मलान को शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ चार विकेट से मिली जीत के दौरान चोट लगी थी। दुनिया के पूर्व नंबर एक टी20 बल्लेबाज को श्रीलंकाई पारी के दौरान मैदान छोड़ना पड़ा और वह लौटकर बल्लेबाजी के लिये नहीं आ सके।

उपकप्तान मोईन अली ने कहा कि मलान की चोट ठीक नहीं है। उन्होंने कहा ,'' वह बड़ा खिलाड़ी है और लंबे समय से खेल रहा है। वह हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से है लेकिन उसकी चोट ठीक नहीं लग रही।'' इंग्लैंड को बृहस्पतिवार को भारत से सेमीफाइनल खेलना है। अली ने कहा ,'' भारत के खिलाफ दुनिया के किसी भी हिस्से में खेलना खास है क्योंकि क्रिकेट में वह बड़ी ताकत है और उसके प्रशंसक असंख्य हैं।

## भेड़िया यूनिट ने तमिल गीत एननाकाई पिराथवले नीया का ऑडियो किया लॉन्च





एक रोमांचक टीजर के बाद, जिसने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया, भेड़िया के निर्माताओं ने अब तमिल गीत एननाकाई पिराथवले नीया का ऑडियो लॉन्च कर दिया है।

निर्देशक अमर कौशिक की भेड़िया, जिसमें वरुण धवन और कृति सेनन मुख्य भूमिका में हैं, हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होने वाली है।

कार्तिक इस ऑडियो में कोई रोमांटिक गाना गा रहे हैं। ट्रैक के बोल श्रोता को प्रसन्न करते हैं, और इसका भावपूर्ण संगीत कानों को भी भाता है!

एनाकाई पिराथवले नीया को सचिन-जिगर ने कंपोज किया है, जिसमें कार्तिक के स्वर हैं, और गीत एस सुनंदन और अमिताभ भट्टाचार्य ने दिए हैं। ऑडियो अभी आउट हो गया है और गाना सोमवार को रिलीज होगा।

जियो स्टूडियोज और दिनेश विजन द्वारा प्रस्तुत भेड़िया में वरुण धवन और कृति सैनन के अलावा दीपक डोबरियाल और अभिषेक बनर्जी भी हैं।

यह फिल्म पूरे देश में हिंदी, तेलुगु और तमिल में 2डी और 3डी में इस साल 25 नवंबर को रिलीज होनी है।

फिल्म को लोकप्रिय प्रोडक्शन हाउस, स्टूडियो ग्रीन द्वारा पूरे तमिलनाडु में रिलीज किया जाना है।

## जल्द ही फिल्म काला में नजर आएँगे इरफ़ान खान के बेटे बाबिल



मूवी बुलबुल की राइटर-डायरेक्टर अन्विता दत्त एक बार फिर नेटफ्लिक्स पर हंगामा मचाने जा रही है। जल्द ही उनकी मूवी 'काला' रिलीज हो चुकी है। काला एक साइकोलॉजिकल ड्रामा मूवी है मूवी में मुख्य कलाकार के रूप में बाबिल खान , स्वास्तिका मुखर्जी और तृप्ति डिमरी दिखाई देने वाले है । तृप्ति डिमरी इससे पहले अन्विता दत्त के साथ मूवी बुलबुल में काम कर चुकी हैं। जबकि इरफान खान के बेटे बाबिल खान की यह डेब्यु मूवी कही जा रही है। मंगलवार को मूवी का नया पोस्टर जारी किया गया साथ ही इसकी रिलीज डेट भी घोषित कर दिया गया है, मूवी को दर्शक 1 दिसंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते है।

जल्द ही रिलीज होने वाली इस मूवी में तृप्ति एक गायिका की भूमिका में भी है, जबकि स्वास्तिका ने उनकी मां का रोल प्ले किया था। टीजर में मूवी का सेट इंडिया की आजादी से पूर्व,वर्ष 1930-40 का लग रहा हैं । एक युवा गायिका जिसकी आंखों में दर्द हैं , इसी दर्द ने उसे गायकी में शिखर पर पहुंचाया है। लेकिन यह मूवी सिर्फ उनकी गायकी के इर्द-गिर्द नहीं है बल्कि मूवी का एक और जरूरी भाग है। उनका और उनकी मां ( स्वास्तिका मुखर्जी) का रिश्ता हो या उनकी परवरिश हो सब कुछ अलग तरीके से हुआ है। इस कारण वह न्यूरोसिस का शिकार हो गई।

खबरों का कहना है कि बाबिल खान, तृप्ति और स्वास्तिका के अलावा इस मूवी में अमित सियाल ,नीर राव , अविनाश राज शर्मा, आशीष सिंह भी अपने अभिनय का प्रदर्शन करते हुए दिखाई देने वाले है। जिसके पूर्व अमित सियाल ने महारानी और जामताड़ा मूवी में काम किया हैं। तो नीर राव शो फील्स लाइक होम में, अविनाश राज शर्मा फिल्म 14 फेरे में और आशीष सिंह गहराइयां में दिखाई दे चुके है।

# निक्की तंबोली ने फ्रंट कट गाउन में दिखाया अपना बोल्ड अवतार

बिग बॉस फेम एक्ट्रेस निक्की तंबोली इन दिनों सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं. एक्ट्रेस अपने हुस्न के जलवे बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस बेहद ही बोल्ड नजर आ रही हैं। बिग बॉस में धमाल मचा चुकीं एक्ट्रेस मॉडल निक्की तंबोली अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने फोटो और फैशन सेंस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। निक्की अपनी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं। हाल ही में निक्की तंबोली ने फ्रंट कट गाउन में अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें एक्ट्रेस काफी बोल्ड पोज देती नजर आ रही हैं। निक्की की इस ड्रेस में लोगों का ध्यान उनकी डीप नेक ड्रेस पर अटक गया। निक्की जिस तरह से पोज दे रही हैं, उसने इन तस्वीरों को और बोल्ड बना दिया है। जरूरत से ज्यादा डीप नेक और फ्रंट कट वाली इस ड्रेस में निक्की इठलाते हुए पोज दे रही हैं। निक्की तंबोली की इन तस्वीरों पर हमेशा की तरह ही फैंस खूब कमेंट कर रहे हैं। बता दें कि निक्की तंबोली मात्र 26 साल की हैं और उन्होंने इतनी कम उम्र में ही अपना नाम और शोहरत बना ली है। बिग बॉस; से मशहूर हुई निक्की कई म्यूजिक वीडियोज और टेलीविजन शोज में दिखाई दे चुकी हैं।




अपना बाजार
Contact 98265-32611

महिलाओं हेतु विशेष
डी.एस.एम. प्रशिक्षण केन्द्र
हमारे यहां सिलाई, कढाई, पेंटिंग एवं टेडी वियर (खिलौना) का प्रशिक्षण दिया जाता है।
कोर्स करने की अवधि 6 माह।
कोर्स समाप्त होने पर डिप्लोमा दिया जायेगा।
सुषमा लेडिज टेलर्स
हमारे यहा ब्लाउज, पेटीकोट, सलवार सूट, स्कूल ड्रेस सिलाई एवं पीको फॉल का काम किया जाता है।
स्थान :- कुन्दुरडिहारी चौक, महुआपारा रोड, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) मो. 9669913653

पोताई के लिए संपर्क करें
उच्च स्तर के कारीगारों द्वारा पेंट, पॉलिस, पुट्टी निर्धारित समय अवधि में न्यूनतम दरों पर करनें की सुविधा उपलब्ध।
नोट :- सुविधा- सुरगुजा, सूरजपुरस कोरिया जिलों के लिए संपर्क करें - 78692-83557

AADI COMPUTER
CPU,LED Repairing
हमारे यहाँ सभी प्रकार के CPU,MONITOR, LED,PRINTER,CC TV CAMERA का रिपेरिंग एवं ट्रोनर का रिफलिंग किया जाता है
Contact- 8085059097,9340593823
Near Holy Cross Hospital,Mission Chowk, Tiwari Bulding Road,Ambikapur


## पंकज त्रिपाठी की क्रिमिनल जस्टिस 4 पर शुरू हुआ काम,प्रोड्यूसर ने की पुष्टि




ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अभिनेता पंकज त्रिपाठी का जादू सिर चढ़कर बोलता है। हाल में वह वेब सीरीज क्रिमिनल जस्टिस 3 में नजर आए थे। अब इस सीरीज के प्रोड्यूसर और अप्लॉज एंटरटेनमेंट के सीईओ समीर नायर ने एक इंटरव्यू में बताया है कि क्रिमिनल जस्टिस 4 पर काम शुरू हो चुका है। अब तक आए इस सीरीज के तीनों सीजन को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।

उन्होंने कहा, हम उत्साहित हैं और अब हम इसका चौथा सीजन बना रहे हैं। यह एक ऑरिजनल सीरीज होगी, क्योंकि किसी ने दुनिया में अब तक इसके चार सीजन नहीं बनाए हैं। माधव मिश्रा (पंकज) अपने आप में एक कैरेक्टर बन गया है। हम चौथे सीजन के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सीईओ समीर ने आगे बताया कि उनकी टीम ने क्रिमिनल जस्टिस 4 की स्क्रिप्ट लिखनी शुरू कर दी है। इसके आगामी सीजन की कहानी बिल्कुल अलग होगी। वह इसे चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट मानते हैं। उनकी मानें तो किसी भी सीरीज के किरदारों और कहानी को रोचक बनाने के लिए काफी रिसर्च करना पड़ता है। अब देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स कब इस सीरीज की आधिकारिक घोषणा करते हैं।

अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने अब तक कई चर्चित प्रोजेक्ट्स का निर्माण किया है। इस प्रोडक्शन कंपनी ने द ऑफिस, होस्टेज, ला फेमिग्लिया और योर ऑनर जैसे विदेशी शोज का हिंदी में निर्माण किया है।

# बीजेपी पर आरक्षण कम होने का पाप

**» सीएम भूपेश बघेल ने कहा-भाजपा के कारण आदिवासियों का आरक्षण 20प्रतिशत हुआ,उसे हमारी सरकार ठीक करेगी**



**रायपुर,07 नवम्बर 2022।** आरक्षण के मसले पर छिड़ी बयानबाजी पर अब सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा पर हमला बोला है। हिमाचल प्रदेश के दौरे से लौटे सीएम बघेल ने एयरपोर्ट के बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि आरक्षण कम होने का पाप भाजपा के कारण हुआ है। उसे राज्य सरकार ठीक करेगी। आदिवासी समाज के लोग मिलने आए थे, तभी स्पष्ट कहा था कि संविधान में सुविधा मिली है, उसके हिसाब से आरक्षण दिया जाएगा। भाजपा के कारण आदिवासियों का आरक्षण 20 प्रतिशत हुआ है।

सीएम ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में परिवर्तन की लहर है। छत्तीसगढ़ मॉडल को लेकर लोग काफी उत्साहित हैं। 5 साल में बीजेपी ने जो वादे किए थे हिमाचल में, उसको पूरा नहीं किया। वहां डबल इंजन की सरकार थी। 69 राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की बात कही थी, लेकिन नहीं बना सके। किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, उल्टे खर्च दोगुना हो गया। सेब उत्पादन करने वाले जो किसान हैं, उन्हें उद्योगपतियों को सौंप दिया गया। हिमाचल के कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम की मांग कर रहे हैं, उस पर सरकार मौन है, इसलिए वहां की जनता परिवर्तन चाहती है।

### आर्थिक आरक्षण के फैसले का स्वागत

सीएम बघेल ने आर्थिक आरक्षण के संबंध में कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा, अनुसूचित जाति, जनजाति को उनकी जनसंख्या के आधार पर आरक्षण मिलना ही चाहिए। जो मंडल आयोग की रिपोर्ट है, उसके आधार पर पिछड़े वर्ग को 27त्न मिलना चाहिए। ईडब्ल्यूएस को 10त्न आरक्षण मिलना चाहिए हम इसके पक्षधर हैं।

### मुंद्रा पोर्ट से सूखे नशे की सप्लाई


बिलासपुर में आयोजित भाजपा की हुंकार रैली पर सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में बीजेपी नेता ही शराबबंदी की मांग कर रहे हैं। शराब के साथ-साथ जो अन्य सूखा नशा है, जिस की सप्लाई मुंद्रा पोर्ट से हो रही है। स्मृति ईरानी को बताना चाहिए कि पूरे देश में जहां से नशा फैल रहा है, वहां से जो नशे का सामान पकड़ा गया, उस पर कार्रवाई करवाएंगे क्या?

### केंद्रीय चुनाव समिति तय करेगी प्रत्याशी

सीएम ने कहा कि भानुप्रतापपुर की जनता कांग्रेस को आशीर्वाद देगी। इसका पूरा विश्वास है। खैरागढ़, मरवाही और दंतेवाड़ा में हमारी जीत हुई है। इस चुनाव में भी हमारी जीत होगी। भानुप्रतापपुर उपचुनाव के प्रत्याशी के संबंध में एक सवाल पर सीएम ने कहा कि यह फैसला केंद्रीय चुनाव समिति लेगी। बैठक में जिन नामों की अनुशंसा की जाएगी, उसमें से एक नाम केंद्रीय चुनाव समिति तय करेगी। सब इंस्पेक्टर के अभ्यर्थियों के प्रदर्शन पर सीएम ने कहा कि 2013 से प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसमें काफी झोलझाल था। इसे कांग्रेस सरकार ने 2021 में ठीक किया। सरकार लगातार भर्तियां कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने गुरू नानक जयंती की दी बधाई

**रायपुर,07 नवम्बर 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को विशेषकर सिख समुदाय के लोगों को गुरू नानक जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि सिख धर्म के पहले गुरू नानक देव की जयंती को गुरू परब और प्रकाश पर्व के रूप में उल्लास के साथ मनाया जाता है। देशभर के गुरूद्वारों में इस दिन गुरूवाणी, अरदास, कीर्तन, लंगर, और सेवाभाव का अनुपम समन्वय दिखाई देता है। गुरू नानक ने विश्व को प्रेम, एकता, समानता और भाई-चारे का संदेश दिया है। उनके उपदेश आज भी प्रासंगिक है और लोगों को प्रेम और सद्भाव के साथ सेवाभाव से जीवन जीने को प्रेरित करते हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हीरक जयंती में शामिल होंगी



**रायपुर,07 नवम्बर 2022।** छत्तीसगढ़ के दूसरे सबसे बड़े कॉलेज साइंस कॉलेज के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं. 1948 में इस कॉलेज की स्थापना हुई थी. इस अवसर पर आयोजित होने वाले हीरक जयंती समारोह में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी. ये आयोजन 12, 13 और 14 जनवरी को होगा. जिसमें राज्यपाल अनुसुईया उइके, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल होंगे. इसके अलावा साइंस कॉलेज में पढ़े देश-विदेश के पूर्व छात्र-छात्राएं भी हिस्सा लेंगे. बता दें कि सीएम भूपेश भी इस कॉलेज से पढ़ें हैं.

राष्टपति के प्रोटोकॉल के लिए वन विभाग और PWD को पत्र लिखा गया है. राष्टपति के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर ADC की तरफ से 12 जनवरी का कार्यक्रम दर्ज कर लिया गया है. शासन की तरफ से बाकी प्रक्रिया चल रही है. इस पूरे समारोह के आयोजन के लिए 18 कमेटी बनाई गई हैं.

## मुख्यमंत्री ने नंदकुमार पटेल को किया याद



**रायपुर,07 नवम्बर 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व गृहमंत्री शहीद नंदकुमार पटेल को उनके जन्मदिन 08 नवम्बर पर उनका स्मरण करते हुए अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि पटेल ने छत्तीसगढ़ को विकास की ऊंचाईयों तक ले जाने का सपना देखा था। वे जमीन से जुड़े लोकप्रिय, कुशल जन-नेता थे। उनका जाना छत्तीसगढ़ के लिए अपूरणीय क्षति है।

## मुख्यमंत्री ने कार्तिक पूर्णिमा की बधाई और शुभकामनाएं दी




**रायपुर,07 नवम्बर 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है और सभी नागरिकों के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। बघेल ने कहा कि हिन्दू धर्म में पूर्णिमा का दिन विशेष महत्व रखता है, इनमें कार्तिक की पूर्णिमा सबसे बड़ी पूर्णिमा मानी गई है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदियों, सरोवरों में स्नान, दीप दान, हवन, यज्ञ करने से पुण्यलाभ होता है।

### नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने ऐसा क्यों कहा

# कांग्रेस जनता से करंट खाने तैयार रहे

**» नेता प्रतिपक्ष ने सीएम के लिए कहा बिजली बिल हाफ करने का वादा करके सत्ता में आए और एक ही महीने में जनता के सिर पर 10,000 रुपये तक का बोझ डाल दिया, इस बार अधिभार पड़ेगा भारी**

**रायपुर,07 नवम्बर 2022।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने आम जनता सहित हर वर्ग के उपभोक्ताओं के भारी भरकम बिजली बिल को भूपेश बघेल सरकार की लूटखसोट और तानाशाही करार देते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार जनता की जेब पर सीधा डाका डाल रही है।

बिजली बिल हाफ करने का वादा करके सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने एक ही महीने में जनता के सिर पर 10,000 रुपये तक का बोझ डाल दिया। बिजली बिल में इस अधिभार का करंट भूपेश बघेल सरकार के असली चेहरे को उजागर कर रहा है। यह जनता के साथ छलावा है। जनता के साथ लूट है।



कांग्रेस सरकार पीछे के दरवाजे से जनता की जेब से पैसा निकाल रही

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेस महंगाई पर घड़ियाली आंसू बहाते हुए देश भर में ड्रामा करती है और यहां भूपेश बघेल की है। यह घोर निंदनीय है। जनता के प्रति अक्षम्य अपराध है। सरकार जनता को किसी प्रकार की राहत तो दे नहीं रही है। उल्टे हर तरह से जनता को निचोड़ा जा रहा है। भूपेश बघेल सरकार जनता को गन्ने की तरह पेर रही है। वहां तक भी जनता खून के आंसू पी रही है लेकिन जो जनता के पास है, वह भी लूट कर न जाने कहां पैसा भेज रहे हैं?

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने इसके पूर्व एक साल में दो बार बिजली के दाम बढ़ाकर जनता को झटका दिया। अब अधिभार के रूप में जनता को करंट लगाने वाले भूपेश बघेल उस करंट के लिए तैयार रहें, जो जनता उन्हें चुनाव में देने के लिए तैयार है।



## पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने दिखाई उदारता

### सड़क पर घायल पड़े दो लोगों को अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

**कांकेर ,07 नवम्बर 2022।** जिले के भानुप्रतापपुर दौरे से वापस लौटते वक़्त जगदलपुर-रायपुर राज्यमार्ग पर राजाराव पठार के पास एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों गंभीर रूप से घायल पड़े हुए थे, जिन्हे सड़क पर दर्द से कराहते हुए देखने पर पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने गाड़ी रुकवाई और तत्काल घायलों को इलाज के लिए अपनी फॉलोउप गाड़ी से अस्पताल भेजवाकर कर संवेदनशीलता का परिचय दिया। उन्होंने धमतरी कलेक्टर को घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था करवाने को भी कहा।

## स्कूल की दूसरी मंजिल से गिरी छात्रा,मचा हड़कंप




**रायगढ़ ,07 नवम्बर 2022।** शहर के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के बोईरदादर क्षेत्र में स्थित सेन्ट टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल की दूसरी मंजिल से एक छात्रा अचानक नीचे गिर गई। गंभीर रूप से घायल छात्रा को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर क्षेत्र के बोईरदादर में स्थित सेन्ट टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल में सोमवार दोपहर करीब पौने 1 बजे कक्षा 9वीं की छात्रा स्कूल के दूसरे माले से गिर गई। अचानक घटी से इस घटना से हडक़ंप की स्थिति निर्मित हो गई और छात्रा को आनन-फानन में जेएमजे मॉर्निंग स्टार हास्पिटल ले जाया गया था, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रिफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार छात्रा की हालत को अभी गंभीर बताया जा रहा है और उसे अंदरूनी चोटें आई है। इस संबंध में चक्रधर नगर थाना प्रभारी प्रवीण मिंज ने बताया कि सेन्ट टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल में आज दोपहर विजयपुर की रहने वाली 9वीं की छात्रा स्कूल के दूसरे माले से अचानक गिर गई। छात्रा को अस्पताल भिजवाते हुए परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## कोविड से रिकवरी के बाद जरूर करवाएं टीबी की जांच

**» कमजोर इम्युनिटी की वजह से हो सकता है संक्रमण**

**रायपुर ,07 नवम्बर 2022।** कोरोना संक्रमण के मरीज ठीक होने के बाद अन्य बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। कई रोगियों में कोरोना से ठीक होने के बाद टीबी के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। कोविड के दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञों का कहना है कि ठीक होने के बाद भी रोगी को बलगम की जांच अवश्य करानी चाहिए।



टीबी और कोविड दोनों संक्रामक रोग हैं, जो मुख्य रूप से फेफड़ों को हानि पहुंचाते हैं। दोनों बीमारियों में खांसी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण एक जैसे होते हैं। हालांकि, टीबी में बीमारी की अवधि लंबी होती है और रोग की शुरुआत धीमी होती है।

राज्य क्षय रोग अधिकारी (टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम) डॉ. धर्मेंद्र गहवई ने बताया कि कोरोना वायरस और क्षय रोग (टीबी) के संक्रमण का तरीका और लक्षण लगभग मिलते-जुलते हैं। ऐसे में संक्रमण से बचाव के लिए सावधानी बहुत जरूरी है। यह बीमारी हवा में अत्यधिक फैलती है। कोविड से रिकवर होने के बाद भी अगर लगातार खांसी की समस्या बनी हुई है, तो टीबी की जांच अवश्य करानी चाहिए। डॉ. गहवई ने बताया कि कोविड-19 के बाद टीबी भी हो सकती है क्योंकि संक्रमण फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है जिसके कारण टीबी होने की संभावना बढ़ जाती है।

डॉ. गहवई ने बताया कि कोविड का टीका टीबी से पीड़ित रोगियों को भी लगवाना अनिवार्य है। उन टीबी रोगियों को यह टीका नहीं लगवाना चाहिए, जिन्हें तेज बुखार है या फिर कोविड के लक्षण आ रहे हैं। ऐसे लोग लक्षण के ठीक होने पर कोविड का टीका लगवाएं। टीकाकरण के बाद भी कोविड से बचाव संबंधी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करना जरूरी है। टीबी रोगियों को टीके की दोनों डोज के साथ प्रिकाशन डोज भी लगवानी है।

## 10 वी और 12वी प्रैक्टिकल एवं प्रोजेक्ट पेपर के तारीखों की हुई घोषणा




**रायपुर ,07 नवम्बर 2022।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी की प्रायोगिक परीक्षा 2023 को लेकर तारीखों की घोषणा जारी कर दी है। 10वी, 12 वी नियमित छात्र / छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा एवं प्रायोजना कार्य की तिथि 10 जनवरी से 31 जनवरी 2023 के मध्य आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बन्ध में सभी संस्थाओं को निर्देश भी जारी कर दिया गया हैं।

**दोबारा अंतिम संस्कार**

# धर्मांतरित परिवार ने घर की बाड़ी में शव दफनाया तो विरोध,कब्र से लाश निकाली;7 दिन बाद फिर अंतिम संस्कार

**» कांकेर जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना**

**कांकेर ,07 नवम्बर 2022।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल कांकेर जिले से दिल दहलाने वाली खबर आ रही है। ईसाई धर्म स्वीकार कर चुके एक परिवार को गांव के लोगों ने श्मशान घाट पर बुजुर्ग मां का अंतिम संस्कार करने नहीं दिया। गायता और पटेल की अनुमति से परिवार ने अपने घर की बाड़ी में ही अंतिम संस्कार कर दिया, लेकिन बाद में गांव के कुछ लोगों ने कब्र खोद दी। पुलिस और प्रशासन ने कब्र से शव निकालकर मरचुरी में रखवाया और 7 दिन बाद सोमवार को अंतागढ़ में ईसाई रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया, जबकि इसमें परिवार के लोग शामिल नहीं हुए। इस पूरे मामले में थाने की पुलिस और कुछ संगठनों की भूमिका पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

यह वाकया आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के कुर्रुटोला गांव का है।



गांव के मुकेश कुमार नरेटी की मां चैती बाई की एक नवंबर को पीलिया के कारण मौत हो गई। मुकेश और उसके परिवार ने ईसाई धर्म अपना लिया है। इस कारण गांव के लोगों ने श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। मुकेश ने गांव के पटेल और गायता से पूछकर अपने घर की बाड़ी में ही मां को ईसाई रीति-रिवाज दफना दिया। इसे लेकर गांव के कुछ लोग विरोध करने लगे।

2 नवंबर को गांव के कुछ लोगों व हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने मुकेश के घर को घेरने की कोशिश की। इस दौरान मुकेश और उसके परिवार से बदसलूकी की गई। इसके बाद 3 नवंबर को सभी परगना के लोगों की सभा हुई। इसके बाद लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। मुकेश का आरोप है कि वह थाने गया था तो उसकी मदद करने के बजाय पुलिस ने मारपीट की और उसे नक्सल मामले में फंसाने की धमकी दी। जब थाने में यह सब चल रहा था, तब गांव में कुछ लोगों ने कब्र खोद दी और उसमें चैती बाई का शव बाहर आ गया। पुलिस को खबर मिली तो अधिकारी पहुंचे।

4 नवंबर को पुलिस ने चैती बाई के शव को कब्र से निकालकर अंतागढ़ स्थित मरचुरी में रखवा दिया। इसके बाद मुकेश को अंतिम संस्कार के लिए बुलाया गया, लेकिन वह नहीं आया। चार तारीख को ही विधायक के कार्यालय में भी लोग जुटे। ऐसी बातें सामने आ रही हैं कि मुकेश की बड़ी बहन के साथ भीड़ ने बदसलूकी की। मुकेश और उसके दो छोटे भाइयों को धमकाया। इसके बाद डर के कारण वे कहीं छिप गए।

पुलिस और प्रशासन ने मुकेश की तलाश की और उसे अंतिम संस्कार के लिए कहा, लेकिन मुकेश ने साफ मना कर दिया। उसका कहना था कि उसने गांव के पटेल और गायता से पूछकर रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया है। अब जिन लोगों ने शव को बाहर निकाला है, वे ही उसका अंतिम संस्कार करें। आखिरकार 7 नवंबर को पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में अंतागढ़ स्थित कब्रिस्तान में शव का अंतिम संस्कार किया गया।

इस दौरान अपर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, एडिशनल एसपी खुमान सिन्हा, एसडीओपी अमर सिदार, एसडीएम एस. पैकरा, डॉ. क्लाडियस, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर भेषज रामटेके, नगर पंचायत के सीएमओ बसंत लोन्हारे के अलावा मसीही समाज के लोग मौजूद थे।

## देशी शराब की बोतल में मिला जहरीला सांप,मचा हड़कंप



**जांजगीर-चांपा ,07 नवम्बर 2022।** जिला के पामगढ़ में स्थित शराब दूकान से लिए देशी शराब की बोतल में एक जहरीला सांप मिला, जिसे देखते ही ख़रीददार हड़बड़ा गया। खबर आग की तरह आस-पास में फ़ैल गई। जिसे देखने के लिए शराब खरीदने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस खबर से शराबियों में हड़कंप मच गई। दरअसल सोनसरी निवासी वीरेन्द्र दास अपने साथी के साथ पामगढ़ के शराब दुकान पहुंचा, उसने देशी शराब खरीदी और पिने के लिए पास ही में बैठ गया। उसने शराब की बोतल जैसे ही खोलने के लिए उठाया। उसे उसमे पूरा सांप मरा हुआ तैरता नजर आया।

देखे कर वह हड़बड़ा गया। उसे अपने साथी को बताया दोनों पूरा सांप देखे कर हैरत में पड़ गए। यह बात वहां बैठे शराबियों को लग गई 7 देखते ही देखते शराबी इक्क्ठा हो गए। बताया जा रहा की सांप बेरिया करार है। जो बहुत ही जहरीला होता है। मौजूद शराबियों में डर समा गया। क्योकि शराब की बोतल सील बंद है। पामगढ़ के देशी शराब दुकान के सेल्समैन शिव दयाल बर्मन ने बताया शराब काटून में भर कर आता है जिसे हम वितरित करते हैं। शराब बेयर हॉउस से आती है। बोतल में 14 अक्टूबर 2022 की सील लगी हुई है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)